Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 314 | शनिवार , 15 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## बिहार चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत

# बिहार में फिर एक बार नीतीश कुमार सरकार

**89** बीजेपी को मिली सीटें

**35** महागठबंधन की सीटें

नई दिल्ली।

बिहार चुनाव में नीतीश कुमार ने नारी शक्ति, ईबीसी-ओबीसी वोट बैंक और सुशासन की छवि के दम पर बाजी पलट दी। 10 हजार रुपये वाली योजना, मुफ्त बिजली और पेंशन बढ़ोतरी ने जदयू को बड़ी बढ़त दिलाई। बिहार की राजनीति में कहावत है-जहां नीतीश वहां सत्ता।

इस बार के नतीजे ने इस कहावत को और मजबूती दे दी। दरअसल बीते ढाई दशक से नीतीश राज्य की राजनीति की धुरी बने हुए हैं। वैसे, उनकी राजनीति की धुरी में आधी आबादी, ईबीसी, ओबीसी का मजबूत गठजोड़ और सुशासन का नारा है। साल 2005 में छात्राओं को साइकिल देकर बाजी पलटने वाले नीतीश के इस बार दस हजारिया दांव के आगे विपक्ष की राजनीति धराशायी हो गई। उनके करीबी मानते हैं कि नीतीश जब कमजोर और चुप दिखें, तभी समझिये कि वह किसी बड़े सियासी दांव से सबको चित करने वाले हैं। बढ़ती उम्र, गिरते स्वास्थ्य, घटती लोकप्रियता और बीते चुनाव के प्रदर्शन का हवाला दे कर राजनीतिक टीकाकार उनके चलाचली की बेला बता रहे थे। हालांकि चुनाव से तीन महीने पहले नीतीश के ताबड़तोड़ कई सियासी दांव ने उन्हें एक बार फिर राज्य की सियासत के आसमान पर पहुंचा दिया। चुनाव से ठीक पहले सबके लिए 125 यूनिट फ्री बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में तीन गुना की बढ़ोत्तरी, जीविका दीदी और सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि



के बाद अचानक सीएम महिला स्वरोजगार योजना के तहत 1.20 करोड़ महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये की सहायता ने पूरी सियासी बाजी पलट दी। पहले और दूसरे चरण में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के रिकार्ड अधिक मतदान ने नीतीश की वापसी का संदेश दे दिया था। नतीजे बताते हैं कि नीतीश की सुशासन वाली छवि बरकरार है। उनके खिलाफ किसी वर्ग में कोई नाराजगी नहीं दिखी। बीते चुनाव में लोजपा के कारण लगे झटके से उबरते हुए जदयू ने दोगुनी सीट हासिल कर साबित कर दिया कि महिला, अति पिछड़ा, महादलित और लवकुश वोट बैंक में नीतीश का आकर्षण बना हुआ है। लोगों में जंगलराज के प्रति कायम भय नीतीश के सुशासन बाबू की छवि को मजबूत बनाए हुए है। अब सकारात्मक नतीजे के बाद नीतीश के सामने अपना उत्तराधिकार तय करने के लिए पर्याप्त समय होगा। नीतीश के नाम सबसे लंबे समय तक सीएम बने रहने का ही नहीं, पाला बदलने का भी कीर्तिमान है। नीतीश दो-दो बार भाजपा और राजद से नाता तोड़ चुके हैं। हालांकि उन्होंने हर बार पाला बदल कर राजद व भाजपा को अपनी ताकत का अहसास कराया। 2015 में पहली बार भाजपा से अलग राजद के साथ जब नीतीश चुनाव लड़े तो भाजपा न सिर्फ 53 सीटों पर निपट गई, बल्कि इसके उलट राजद ने 10 साल बाद सत्ता का स्वाद चखा। इसके एक साल बाद नीतीश ने फिर भाजपा से हाथ मिलाया। इसके बाद 2020 के चुनाव में एक बार फिर राजग की सरकार बनी। भारत के सबसे पिछड़े और बीमारू राज्यों में शुमार रहे बिहार को विकास के रास्ते पर लाने का श्रेय नीतीश को जाता है। 2005 में उनकी सबसे बड़ी चुनौती बिहार को अपराध, भ्रष्टाचार व बेरोजगारी के मकड़जाल से निकालने की थी। उन्होंने जहां बुनियादी सुविधाएं विकसित कीं, वहीं कानून-व्यवस्था में सुधार को प्राथमिकता बनाया। युवा पुलिस अधिकारियों को उन्होंने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की खुली छूट दी। इससे उन्हें सुशासन बाबू की उपाधि मिली। नीतीश कुमार ने लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा दिया, उन्हें स्कूल जाने के लिए साइकिल दी। इससे दूर-दराज के गांवों की लड़कियों में भी शिक्षा का प्रसार हुआ। बाद में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण दिया। इससे शिक्षित बेटियों को घर के पास रोजगार मिलने लगा। जाहिर है समाज में इससे बड़ा और सकारात्मक बदलाव आया।

### नई सियासत के जनक

नीतीश–लालू ने एक ही समय जेपी की छाया में राजनीति शुरू की। 1990 में नीतीश ने लालू को सीएम बनाने में योगदान दिया। हालांकि 1994 में लालू से मोहभंग होने पर उन्होंने जॉर्ज फर्नांडिस के साथ पहले समता पार्टी, फिर शरद–जॉर्ज के साथ जदयू का गठन किया। इसके बाद भाजपा से गठबंधन कर नीतीश ने पहली बार 2005 में अल्प समय के लिए सीएम बने। हालांकि अक्तूबर, 2005 से अब तक, (2014–15 में थोड़े अंतराल को छोड़कर) वह लगातार सीएम हैं।

## सार संक्षेप

### दिल्ली आतंकी हमला मामले में चार डॉक्टरों का रजिस्ट्रेशन रद



नई दिल्ली।

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने शुक्रवार को दिल्ली आतंकी हमले में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत आरोप लगाए जाने के बाद राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर से डॉ. मुजफ्फर अहमद, डॉ. अदील अहमद राठर, डॉ. मुजम्मिल शकील और डॉ. शाहीन सईद का रजिस्ट्रेशन रद कर दिया। एनएमसी के अगले आदेश तक इन डाक्टरों को चिकित्सक के रूप में कार्य करने या किसी संस्थान में नियुक्त होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एक सार्वजनिक नोटिस में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने डॉक्टरों के खिलाफ एफआइआर में लगाए गए आरोपों को सूचीबद्ध किया। कहा कि जम्मू-कश्मीर चिकित्सा परिषद के साथ पंजीकृत डॉ. मुजफ्फर अहमद, डॉ. अदील अहमद राठर और डॉ. मुजम्मिल शकील को जांच एजेंसियों द्वारा एकत्र किए गए सुबूतों के आधार पर दिल्ली बम धमाके में शामिल पाया गया है। इस तरह का आचरण प्रथम दृष्टया चिकित्सा पेशे के सदस्यों से अपेक्षित निष्ठा और सार्वजनिक विश्वास के मानकों के प्रतिकूल है।

### महंगाई ने तोड़ी अमेरिकियों की कमर तो ट्रंप ने लिया यूटर्न, कॉफी और फलों से हटाया टैरिफ

वाशिंगटन।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत बीफ, कॉफी और उष्णकटिबंधीय फलों सहित कई वस्तुओं पर शुल्क हटा दिया जाएगा। यह उन उपभोक्ताओं के दबाव का जवाब है जो शिकायत करते हैं कि कीमतें बहुत ज्यादा हैं। टैरिफ के चलते अमेरिका में महंगाई चरम पर पहुंच गई है। अमेरिकियों को खाने-पीने की चीजें महंगी दरों पर मिल रही है। महंगाई ने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। वहीं, महंगाई को लेकर लोग ट्रंप की आलोचना भी करते हैं। जिसका असर हाल ही के मेयर



चुनावों में देखा गया है। राष्ट्रपति ने यह घोषणा करने के बाद कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए कि अमेरिका ने इक्वाडोर, ग्वाटेमाला, अल सल्वाडोर और अर्जेंटीना के साथ उन देशों में उत्पादित कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क कम करने के लिए रूपरेखा समझौते किए हैं।

## 'हमारा विजन देख जनता ने बहुमत दिया'

# एनडीए की जीत पर बोले पीएम मोदी, बढ़-चढ़कर करेंगे काम

नई दिल्ली।

मोदी ने आगे लिखा कि बिहार के मेरे परिवारजनों का बहुत-बहुत आभार, जिन्होंने 2025 के विधानसभा चुनावों में एनडीए को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जीत का आशीर्वाद दिया है। यह प्रचंड जनादेश हमें जनता-जनार्दन की सेवा करने और बिहार के लिए नए संकल्प के साथ काम करने की शक्ति प्रदान करेगा। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में शानदार जीत दर्ज की। राज्य की 243 विधानसभा सीटों में से 200 से अधिक पर प्रभावशाली बढ़त हासिल की। साथ ही नवीनतम रुझानों से यह भी संकेत मिला कि भगवा पार्टी शानदार स्ट्राइक रेट के साथ अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने की राह पर है। इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि सुशासन की जीत हुई है। विकास की जीत हुई है। जन-कल्याण की भावना की जीत हुई है। सामाजिक न्याय की जीत हुई है। मोदी ने आगे लिखा कि बिहार के मेरे परिवारजनों का बहुत-बहुत आभार, जिन्होंने 2025 के विधानसभा चुनावों में एनडीए को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जीत का आशीर्वाद दिया है। यह प्रचंड जनादेश हमें जनता-जनार्दन की सेवा करने और बिहार के लिए नए संकल्प के साथ काम करने की शक्ति प्रदान करेगा। उन्होंने लिखा कि एनडीए ने राज्य का चौतरफा विकास किया है। लोगों ने हमारे ट्रैक रिकॉर्ड और राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के हमारे विजन को देखकर हमें भारी बहुमत दिया है। मैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी और एनडीए परिवार के हमारे सहयोगी चिराग पासवान जी, जीतन राम मांझी जी और उपेंद्र कुशवाहा जी को इस जबरदस्त जीत के लिए हार्दिक बधाई देता हूं।



इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने लिखा कि मैं एनडीए के प्रत्येक कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अथक परिश्रम किया है। उन्होंने जनता के बीच जाकर हमारे विकास के एजेंडे को सामने रखा और विपक्ष के हर झूठ का मजबूती से जवाब दिया। मैं उनकी हृदय से सराहना करता हूं! उन्होंने वादा किया कि आने वाले समय में हम बिहार के विकास, यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर और राज्य की संस्कृति को नई पहचान देने के लिए बढ़–चढ़कर काम करेंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यहां की युवा शक्ति और नारी शक्ति को समृद्ध जीवन के लिए भरपूर अवसर मिले।

## दिल्ली धमाके पर श्री श्री रविशंकर का बड़ा बयान, बोले- सिर्फ पढ़-लिख लेना ही समाज में शांति गारंटी नहीं

जयपुर।



अध्यात्मिक गुरू श्री श्री रविशंकर ने दिल्ली बम विस्फोट पर कहा, यह घटना बताती है कि सिर्फ पढ़ लिख लेना या उच्च शिक्षित होना समाज में शांति की गारंटी नहीं है। कई पढ़े लिखे लोग यहां तक की चिकित्सक जैसे पेशे से जुड़े लोग, जिन्हें लोगों की जान बचाने की जिम्मेदारी दी जाती है। वे जानलेवा काम में शामिल हो जाते हैं। ऐसे में यह साफ दिखता है कि हमारी शिक्षा प्रणाली में कहीं न कहीं गंभीर कमी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली बम विस्फोट की घटना बेहद भयानक और खतरनाक है।

## यूपी में थर्ड पार्टी ऑडिट योजना लागू

कानपुर।

प्रदेश में स्व प्रमाणन और थर्ड पार्टी आडिट योजना लागू कर दी गई है। इसके तहत श्रम कानूनों के अनुपालन की घोषणा पर गैर खतरनाक कारखानों में पांच साल में एक बार फैक्ट्री या प्रतिष्ठान का निरीक्षण होगा। इसका उद्देश्य श्रम कानूनों का अनुपालन कराए जाने में विभागीय अधिकारियों का हस्तक्षेप कम करना है। स्टार्ट अप नीति के तहत स्थापित होने वाले गैर खतरनाक श्रेणी के कारखानों व प्रतिष्ठानों को निरीक्षण से 10 साल की छूट दी गई है। इसके तहत निवेश मित्र पोर्टल पर प्रदर्शित होने की तारीख से 10 वर्ष तक अथवा जब तक उनकी स्थिति स्टार्ट अप के रूप में नहीं होती है, जो भी पहले हो तक स्व प्रमाणन का आवेदन करने पर निरीक्षण की छूट मिलेगी। श्रम कानूनों के उल्लंघन की सत्यापन योग्य लिखित शिकायत या किसी तरह की दुर्घटना होने पर श्रमायुक्त की अनुमति लेकर निरीक्षण किया जा सकेगा। गैर खतरनाक कारखाने चलाने वाले उद्यमी श्रम विभाग की साइट पर आनलाइन श्रम कानूनों के अनुपालन की घोषणा करेंगे। इसे स्व प्रमाणन कहा जाता है। इसके बाद उस कारखाने का निरीक्षण रेंडम आधार पर पांच वर्ष में एक बार किया जाएगा। स्व प्रमाणन की सुविधा न लेने वाले उद्यमी थर्ड पार्टी का विकल्प चुन सकेंगे।



## श्रीनगर में दिल्ली जैसा खौफनाक मंजर, थाने में हुए जोरदार धमाके में छह लोगों की मौत, धधकते रहे वाहन

श्रीनगर।

श्रीनगर के नौगाम थाने में हुए धमाके में छह लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से अधिक घायल हो गये। दिल्ली में लाल किले के सामने 10 नवंबर को हुए घातक विस्फोट जैसा ही खौफनाक मंजर श्रीनगर में कल रात देखने को मिला। श्रीनगर के नौगाम थाने में हुए धमाके में छह लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से अधिक घायल हो गये। घायलों में अधिकांश पुलिसकर्मी हैं। घायलों को इलाज के लिए उजाला सिग्नस, रटल्र और 92 बेस अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। बताया जाता है कि फरीदाबाद में जब्त विस्फोटक सामग्री के नमूने लेते समय यह विस्फोट हुआ है, लेकिन इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जब्त किया विस्फोटक अमोनियम नाइट्रेट था। धमाके से आसपास के घरों को भी भारी नुकसान हुआ है। घरों की खिड़कियां टूट गई हैं। धमाका इतनी तेज था कि इसकी आवाज नौगाम ही नहीं, छानपोरा, सनतनगर, रावलपोरा और पंथा चौक क्षेत्र में सुनाई दी। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। धमाके को दिल्ली विस्फोट के जैसा ही माना जा रहा है। वीडियो फुटेज देखकर वैसे ही दृश्य सामने आ रहे हैं जैसे कि दिल्ली धमाके के बाद दिखाई दिए थे। दिल्ली में 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए कार विस्फोट में 13 लोगों की जान जा चुकी है। जांच एजेंसियां उस धमाके की तय तक पहुंचने के लिए सघन जांच कर रही हैं।



## संपादक की कलम से

# नीतीश ही नेता हैं

बिहार ने इस बार भाजपा-एनडीए को प्रचंड, ऐतिहासिक और अप्रत्याशित जनादेश दिया है। साबित हो गया कि नीतीश कुमार ही बिहार के सर्वोच्च नेता हैं। चुनाव नीतीश के नेतृत्व में ही लड़ा गया। यह नीतीश के राजनीतिक करियर की शानदार उपलब्धि है, क्योंकि जनता दल-यू ने 2020 की तुलना में लगभग दोगुनी सीटों पर बढ़त बनाई है। मतगणना के दिन सुबह 9.56 बजे भाजपा 69 और जद-यू 76 सीट पर आगे थीं। उसके बाद भी दोनों साथी दलों की बढ़त 71-71, 75-75, 79-79 बरकरार रही। क्या कमाल का जनादेश मिला है! अंतत: भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। यदि अंतिम जनादेश यही रहा, तो भाजपा-एनडीए के पक्ष में अभूतपूर्व जनादेश होगा। एनडीए सबसे पहले 190 सीट पर आगे रहा, जबकि तब महागठबंधन 50 सीटों पर ही आगे था। कितना व्यापक फासला था! निश्चित है कि चुनावी मुकाबला एकतरफा साबित हुआ। भाजपा के चाणक्य एवं गृहमंत्री अमित शाह का आकलन भी 160 सीटों के आसपास का था, लेकिन नतीजे बंपर साबित हुए। आश्चर्य है कि नीतीश कुमार 20 लंबे साल तक सत्ता में रहे हैं, उसके बावजूद स्वीकार्य और प्रासंगिक साबित हुए हैं। हमने ऐसा ही विश्लेषण कुछ दिन पहले किया था कि नीतीश के विरुद्ध कोई नहीं है, लहर तो बहुत दूर की कौड़ी है। अब नीतीश को बिहार का नया जननायक मानना चाहिए। यकीनन नीतीश उस जमात और पीढ़ी के अंतिम नेता हैं, जिसने जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में, संपूर्ण क्रांति के बैनर तले, राजनीति की शुरूआत की थी। जॉर्ज फर्नांडीज, शरद यादव, कपूरी ठाकुर, रामविलास पासवान आदि की पीढ़ी दिवंगत हो चुकी है, लालू यादव अस्वस्थ हैं, नीतीश ही शेष हैं, जिन्हें इस ऐतिहासिक जनादेश के बाद जननायक करार देना चाहिए। यह बिहार में नीतीश की स्वीकार्यता और प्रधानमंत्री मोदी की आम आदमी के बीच लोकप्रियता की ही प्रचंड जीत है। बिहार में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा-एनडीए ने यह लगातार, पांचवां चुनाव जीता है। शुरूआत 2014 के लोकसभा चुनाव से हुई थी। यह 2010 की भाजपा-एनडीए की आंधी, तूफान वाली जीत की पुनरावृत्ति भी है। सदन में विपक्ष का नेता चुनना भी कठिन लगता है। भाजपा-एनडीए जनादेश महज दस हजारी महिलाओं के बंपर समर्थन का ही जनादेश नहीं है, बल्कि यह बिहार के अधिसंख्य अगड़ों-सवर्णों, पिछड़ों-अति पिछड़ों, दलितों-महादलितों, युवाओं-बुजुर्गों और यहां तक कि मुसलमानों का भी जनादेश है। जाति, धर्म, जमात, नस्ल, लिंग आदि के पार जाकर एनडीए को वोट दिए गए हैं। बेशक यह स्वीप जनादेश है। बिल्कुल कल्पनातीत जनादेश है। यह संपादकीय लिखने तक एनडीए 206 और विपक्षी गठबंधन मात्र 30 सीटों पर बढ़त बनाए थे। भाजपा 95 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है, जबकि जद-यू की बढ़त 82 सीटों पर थी। चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (आर) ने भी 20 सीटों पर बढ़त बना कर अपना अमूल्य योगदान दिया है। विपक्ष के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी यादव के राजद की बढ़त 25 सीटों पर ही थी। तेजस्वी खुद पीछे चल रहे थे। कांग्रेस के हिस्से मात्र 3 सीटें ही दिख रही थीं। जाहिर है कि बिहार में उसका सूपड़ा ही साफ हो गया है। आंकड़ों में कुछ बदलाव हो सकता है, अलबत्ता जनादेश यही रहेगा। कांग्रेस ने 2020 में 19 सीट जीती थीं। विपक्ष में सीपीआई (माले) भी 4 सीट पर ही सिमटने के आसार हैं।


ललित शर्मा
संपादक



डॉ.राजीव डोगरा
सर्वदर्शी
कविता

किताबों के बाद
इंसानों को पढ़ने का
शौक पैदा हुआ,
इतना पढ़ा
कि वो भी पढ़ लिया
जो कभी
नहीं पढ़ना चाहिए था
उनके अंतर्मन का।

तुमको देखने के बाद
इंसानों को देखने का
शौक पैदा हुआ,
इतना देखा
कि वो भी देख लिया
जो वो
छुपाना चाहते थे
सदा दुनिया से।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बिहार में बडबोली राजनीति की हार, सुशासन की नई सुबह


ललित गर्ग



बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक एवं अनूठी जीत ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्माई व्यक्तित्व, गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी रणनीति और उनकी जनस्वीकार्यता आज भी भारतीय राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाती है। यह जीत सिर्फ एक गठबंधन की सफलता नहीं, बल्कि बिहार के भविष्य की नई रूपरेखा का संकेत है। नीतीश कुमार के अनुभवी नेतृत्व, भाजपा की संगठनात्मक मजबूती और उभरते हुए युवा सितारे चिराग पासवान के प्रभावी प्रदर्शन ने मिलकर इस चुनाव को एनडीए के पक्ष में एक मिसाल बना दिया। एनडीए की जीत के पीछे उनके 10 प्रमुख वादे हैं जिनमें पंचामृत गारंटी, रोजगार सृजन, मुफ्त शिक्षा, महिलाओं के लिए योजनाएं, कृषि सुधार और बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। इस बार के चुनाव इसलिये भी खास रहे क्योंकि 1951 के बाद बिहार में इस बार सबसे ज्यादा वोट पड़े।

इस बार बिहार में 67.13 प्रतिशत मतदान हुआ जो कि पिछले विधानसभा चुनाव से 9.6 प्रतिशत ज्यादा है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं का मतदान 8.15 प्रतिशत ज्यादा रहा है। इस बार के मतदान में पुरुषों की हिस्सेदारी 62.98 प्रतिशत रही और महिलाओं की 71.78 प्रतिशत। बिहार में 3.51 करोड़ महिला वोटर हैं और 3.93 करोड़ पुरुष वोटर और कुल मतदाताओं की तादाद 7.45 करोड़ है। बिहार विधानसभा चुनाव के ताजा रुझानों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 200 सीटों के आंकड़े को पार कर रहा है, इस जनादेश में महिला मतदाताओं की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसा प्रतीत होता है कि एकतरफा बिहार की महिलाओं का विश्वास जीत गया है, एनडीए विजयी हुआ है, बिहार विजयी हुआ है और महागठबंधन का बड़बोलापन हारा है।

महागठबंधन की करारी हार अपने आप में कई सवाल छोड़ती है। चुनावी रैलियों में भीड़ जरूर इकट्ठी हुई, भाषणों में तीखे हमले भी हुए, लेकिन विपक्ष जनता का विश्वास जीतने में विफल रहा। नेतृत्व की अस्पष्टता, रणनीति की कमी, और विकास तथा सुशासन पर ठोस विजन की गैर-हाजिरी ने जनता को यह सोचने पर मजबूर किया कि सत्ता परिवर्तन से स्थिरता नहीं, बल्कि अनिश्चितता बढ़ सकती है। महागठबंधन बार-बार सामाजिक न्याय और पुराने नारों की दुहाई देता रहा, लेकिन आज का बिहार उन नारों से अधिक उम्मीदें रखता है-रोजगार, सुरक्षा, कानून व्यवस्था और बुनियादी सेवाओं की निरंतरता। इन मुद्दों पर विपक्ष का स्पष्ट और भरोसेमंद खाका सामने नहीं आ सका। यही कारण है कि उसके नेताओं की बड़बोली बयानबाजी जनता पर असर नहीं डाल सकी, बल्कि कई जगह उलटा असर दिखा गई। इसके विपरीत एनडीए ने अपने चुनाव अभियान को स्थिरता $ विकास के सूत्र में पिरोया। मोदी की राष्ट्रव्यापी स्वीकार्यता, केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां-योजनाएं और नीतीश कुमार की सुशासन-छवि ने बिहार के मतदाता को यह भरोसा दिया कि यह गठबंधन अनुभव, विश्वास, विकास और नीतिगत दृढ़ता का सही मिश्रण है। नीतीश कुमार भले कई राजनीतिक मोड़ों के लिए आलोचित हुए हों, लेकिन जनता के मन में उनकी छवि एक ऐसे प्रशासक की बनी हुई है, जो लंबे समय से बिहार को कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, सड़क-निर्माण और शिक्षा सुधार जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ाने का प्रयास करता रहा है। इस छवि का लाभ एनडीए को व्यापक रूप से मिला। भाजपा की संगठनात्मक मशीनरी ने बूथ तक प्रभावी और लक्षित पहुंच बनाई, जिससे मतदाताओं में यह भरोसा मजबूत हुआ कि केंद्र व राज्य का समन्वय विकास की गति को और तेज करेगा।

इन चुनावों का एक बड़ा आकर्षण चिराग पासवान का उभार रहा। उन्होंने यह साबित कर दिया कि वे किसी के मोहरा नहीं, बल्कि भविष्य के निर्णायक खिलाड़ी हैं। उनके आक्रामक और आत्मविश्वासी अभियान ने युवा और दलित वर्ग में नई ऊर्जा जगाई। एनडीए के भीतर उनकी भूमिका महज सांकेतिक नहीं थी, बल्कि वास्तविक जनाधार और असर से भरपूर रही। सीटों पर उनकी उल्लेखनीय पकड़ ने यह संदेश दिया कि वे आने वाले वर्षों में बिहार की राजनीति को नए सिरे से परिभाषित कर सकते हैं। यह भी सच है कि उनकी बढ़ती लोकप्रियता नीतीश कुमार के लिए संतुलन साधने की चुनौती भी बन सकती है, लेकिन यदि गठबंधन समन्वय बनाए रखता है, तो बिहार को इससे मजबूत नेतृत्व का लाभ मिल सकता है।

अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि इस ऐतिहासिक जीत के बाद बिहार किस दिशा में आगे बढ़ेगा। जनता की अपेक्षाएँ बहुत ऊँची हैं-सुरक्षित समाज, संवेदनशील प्रशासन, भ्रष्टाचार पर अंकुश और विकास की तेज रफ्तार। कानून-व्यवस्था बिहार की राजनीति का सबसे संवेदनशील मुद्दा रहा है। लोग चाहते हैं कि अपराध-नियंत्रण में सुधार हो, पुलिस प्रशासन आधुनिक और जवाबदेह बने, और न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी आए। एनडीए के पास केंद्र और राज्य दोनों के संसाधन और राजनीतिक सामर्थ्य है, इसलिए उससे उम्मीद यह है कि वह सुशासन का दूसरा अध्याय लिखने की दिशा में ठोस कदम उठाएगा। भाजपा न सिर्फ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, बल्कि जेडीयू के बगैर भी वह एनडीए के अन्य सहयोगियों के साथ जादुई आंकड़े को पार करती नजर आ रही है। ऐसे में नीतीश कुमार के लिए भाजपा के साथ किसी तरह का बिहार में बार्गेनिंग करना आसान नहीं रह गया है।

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर से यह बार-बार दोहराया गया है कि चुनाव के बाद भी परिणाम चाहे जो भी आएं, गठबंधन के चेहरे नीतीश कुमार ही बने रहेंगे। जेडीयू की ओर से भी यह बात दोहराई गई है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे। फिलहाल इस पूरे चुनाव में महिला वोटर्स गेम चेंजर बताई जा रही हैं और ऐसा हुआ बिहार चुनाव से पहले महिला रोजगार योजना के तहत बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये भेजे जाने से। वहीं चुनाव में महागठबंधन को बड़ा झटका लगा है।

निश्चित ही इन चुनाव परिणामों में बिहार का मतदाता अधिक सजग एवं विवेकशील दिखाई दिया हैं। वह जानता है कि सत्ता परिवर्तन से अधिक जरूरी है संस्कृति परिवर्तन, राजनीतिक शुचिता, विकास, कानून व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही। इस चुनाव ने केवल विधानसभा की सीटें तय नहीं की है, बल्कि यह तय किया है कि अब बिहार की जनता अपनी पुरानी परछाइयों से निकलकर प्रकाश की ओर बढ़ेगी। क्योंकि बिहार में पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, अराजकता की चर्चा तो होती रही है, लेकिन इन जटिल से जटिलतर होती समस्याओं से बाहर निकलने के रास्ते दिखाई नहीं दिये। बिहार की जनता का मोदी के प्रति एक नये तरह का विश्वास जागा है। पिछली सरकारों के दौर में बिहार बदहाली के दौर से काफी निकल चुका है और विगत दो दशक में यहां की स्थितियां काफी बदली है। इस बार बिहार चुनाव के परिणाम चौंकाने वाले इसलिये भी बने हैं कि इसकी आहट उन घोषणाओं से भी मिलती है, जो नीतीश सरकार ने की हैं। महिलाओं, दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए पहली बार इस पैमाने पर ऐलान किए गए हैं।

इस चुनावी जनादेश को केवल राजनीतिक वर्चस्व के चश्मे से नहीं, बल्कि जनविश्वास की कसौटी से देखना जरूरी है। यह जीत भाजपा, जेडीयू और एलजेपी (रामविलास) के लिए अवसर भी है और चुनौती भी। अब उन्हें यह साबित करना होगा कि चुनावी नारों की चमक शासन की रोशनी में भी कायम रह सकती है। बिहार की जनता ने महागठबंधन की ऊँची-ऊँची बातों, वंशवादी दावों और बड़बोले नेताओं की कटुता को नकारकर यह संदेश दिया है कि उन्हें स्थिरता, ईमानदार नेतृत्व और विकास का भरोसा चाहिए। इन चुनाव परिणामों ने एक बार फिर कांग्रेस को करारी हार दी है, जो पार्टी के लिये आत्ममंथन का बड़ा कारण है। एनडीए की यह जीत केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि बिहार के नए भाग्य का उदय है। अब देखते हैं कि यह उदय सच्चे अर्थों में उजाला बिखेरता है या सिर्फ राजनीतिक रोशनी भर साबित होता है।

# रील और रियल लाइफ का संगम, ये शहर आपको देंगे फिल्मों सा भव्य अनुभव

*दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं, जहां पर जाते ही आपको ऐसा लगेगा कि आप किसी फिल्मी दुनिया में आ गए हैं। यहां की इमारतें, गलियां, कैफे और लोग सब मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं, जो आपको पूरी जिंदगी याद रहते हैं। वहीं फोटोग्राफी के लिहाज से भी यह जगहें बेस्ट हैं। घूमने-फिरने का शौक तो हर किसी को होता है। हर कोई ऐसी जगहों पर जाना चाहता है, जहां पर वह ढेरों यादगार पलों को इक्कठा कर सकें। वहीं कुछ खास पलों को खुलकर एंजॉय कर सकें।*



दुनिया भर में कई ऐसे शहर हैं, जो किसी फिल्मी दुनिया से कम नहीं लगते हैं। इन जगहों पर जाते ही आपको ऐसा लगेगा कि आप किसी फिल्मी दुनिया में आ गए हैं। यहां की इमारतें, गलियां, कैफे और लोग सब मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं, जो आपको पूरी जिंदगी याद रहते हैं। वहीं फोटोग्राफी के लिहाज से भी यह जगहें बेस्ट हैं।

अगर आप भी ऐसी जगहों की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**जयपुरः** अगर भारत में कोई ऐसी जगह है, जो फिल्मी दुनिया का एहसास कराती है। यह राजस्थान का गुलाबी शहर जयपुर है। जयपुर शहर इतिहास, रंगों और रॉयल लुक से भरपूर है। यहां के किले, महल और हवेलियां में आपको बीते वक्त की झलक देखने को मिलेगी। इसके साथ ही रंग-बिरंगे कपड़े, भीड़-भाड़ वाले बाजार, मसाले और हस्तशिल्प हर गली को खास बनाते हैं। आपको जयपुर में सब कुछ गुलाबी देखने को मिलेगा। गुलाबी रंग की इमारतें और पारंपरिक डिजाइन इस शहर को वाकई फिल्मी एहसास देते हैं।

**वेनिसः** वैसे तो वेनिस एकदम सपनों का शहर लगता है और यहां का नजारा भी काफी ज्यादा रोमांटिक होता है। आप यहां पर गोंडाला राइड करते समय डूबते हुए सूरज का शानदार नजारा देख सकते हैं। वहीं पानी में झलकती इमारतों को देखना किसी फिल्म जैसा अनुभव होता है।

**सेंटोरिनी (ग्रीस)ः** सफेद रंग के घर, नीले गुंबद वाले चर्च और समुद्र के किनारे बसा सेंटोरिनी शहर किसी रोमांटिक फिल्म की शूटिंग जैसा लगता है। सेंटोरिनी में सनसेट का नजारा काफी ज्यादा खूबसूरत लगता है और यह शहर नेचुरल ब्यूटी का जीता जागता उदाहरण है।

**रोम (इटली)ः** जब भी खूबसूरत शहरों की बात होती है, तो सबसे पहले इटली का नाम लिया जाता है। इटली में कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। इटली का रोम शहर अपने आप बेहद शानदार है। ट्रेवी फाउंटेन, कोलोसियम और पुरानी गलियों वाला रोम हर एक पल को खास और फिल्मी बना देता है। यहां की ऐतिहासिक इमारतें भी किसी टाइम ट्रैवल का एक्सपीरियंस कराती हैं।

**पेरिसः** लोग पेरिस कहते हैं। इस शहर की खूबसूरती आपको हर गली-नुक्कड़ पर देखने को मिलती है। पेरिस की सीन नदी, एफिल टॉवर और पुराने पुल जैसे किसी फिल्म का सीन लगते हैं। पेरिस के छोटे-छोटे कैफे, शांत गलियां और सड़क पर कला दिखाते कलाकार हर पल को खास बना देते हैं।

**दुबईः** बता दें कि दुबई एक ऐसी जगह है, जहां पर जाने का सपना हर भारतीय का होता है। यहां की ऊंची इमारतें, चमकते मॉल और बुर्ज खलीफा इसको पूरी तरह से मॉर्डन फिल्म सेट जैसा बनाते हैं। रात की रोशनी और रेगिस्तान सफारी दुबई का यूनिक कॉम्बिनेशन है।

# सर्दियों में अंडा नहीं खाते शरीर को गर्म रखने और इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए खाएं ये 5 चीजें!

सर्दियों में शरीर को अंदर से गर्म और स्वस्थ रखने के लिए अंडे के बजाय गुड़, ड्राई फ्रूट्स, अदरक, लहसुन और हल्दी जैसे प्राकृतिक खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता दें। ये चीजें न केवल इम्यूनिटी बढ़ाती हैं बल्कि ठंड से बचाव कर पाचन और रक्त संचार को भी दुरुस्त रखती हैं, जिससे आप पूरे मौसम बीमारियों से बचे रह सकते हैं।

**गुड़ः** हर भारतीय किचन में आपको गुड़ जरुर देखने को मिल जाएगा। यह मीठे के साथ ही शरीर को एनर्जी प्रदान करता है, बल्कि ब्लड फ्लो को बढ़ाता है और आयरन की कमी को पूरा करने में मदद करता है। ठंड के मौसम में शरीर सुस्त और कमजोर महसूस करने लगे, तो गुड़ का सेवन जरुर करें। यह शरीर को एनर्जी देता है। गुड़ में आयरन, पोटैशियम, मैग्नीशियम और विटामिन शरीर को गर्म रखता और साथ ही इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। इसके आप लड्डू, गुड़ चाय या गर्म पानी के साथ खा सकते हैं।

**ड्राई फ्रूट्सः** अब आपको सर्दियों में अंडा खाने की जरुरत नहीं है। इसकी जगह आप ड्राई फ्रूट्स जैसे कि- बादाम, काजू, अखरोट, किशमिश और अंजीर का सेवन कर सकते हैं। इन ड्राई फ्रूट्स प्रोटीन, हेल्दी फैट्स, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है, जो शरीर को गर्म रखता है। इसके साथ ही बादाम और अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है, जो शरीर को गर्म रखता है और स्किन की ड्राईनेस दूर होती है। किशमिश और अंजीर पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है, जिससे शरीर को पोषक तत्व मिलते हैं।

**अदरकः** इस मौसम में अदरक वाली चाय पीने का एक अलग ही मजा होता है। अदरक एक ऐसी जड़ी-बूटी



है, जो हर घर में आसानी से मिल जाती है। अदरक में जिंजरॉल के नाम का तत्व होता है, जो शरीर को गर्म रखता है। इससे ब्लड फ्लो तेज होता है। अदरक का सेवन करने से सर्दी-जुकाम, गले की खराश, खांसी और पाचन से जुड़ी समस्याओं को दूर करता है।

**लहसुनः** आयुर्वेद में लहसुन को प्राकृतिक औषधि के रुप में जानी जाती है। इसमें एलिसिन नाम का तत्व बैक्टीरिया और वायरस से शरीर को सुरक्षित रखने में मदद करता है। लहसुन के सेवन करने से शरीर में गर्मी को बढ़ाता है और ब्लड का फ्लो को बेहतर करता है, जिससे सर्दियों में ठंडी कम लगती है। रोजाना कम से कम 1 या 2 कच्चे लहसुन खाने से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, दिल की सेहत में सुधार आता और बीमारियां दूर होती है।

**हल्दीः** हर भारतीय किचन में हल्दी जरुर होती है। हल्दी में करक्यूमिन शरीर की गर्मी बढ़ाने में मदद करता है, जिससे सूजन, दर्द और इन्फेक्शन की समस्या से बचाव होता है। विंटर सीजन में हल्दी वाला दूध पीना शरीर की गर्मी को बढ़ाने और हेल्दी रखने लिए फायदेमंद माना जाता है। हल्दी वाला दूध पीने सर्दियों में शरीर से अंदर गर्म रहता है। इसके साथ ही सर्दी-जुकाम में राहत मिलता है।

# बाल दिवस पर पीपीएस सहित विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित

असदुल्लाह सिद्दीकी

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़.में स्थित पीपीएस पब्लिक स्कूल, शारदा पब्लिक स्कूल, सेन्ट थामस पब्लिक सहित विभिन्न स्कूलों में शुक्रवार को बाल दिवस उत्साह और सांस्कृतिक माहौल में मनाया गया। आपको बता दें कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। बच्चों ने 'चाचा नेहरू' को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व, राष्ट्रनिर्माण में योगदान और बच्चों के प्रति उनके स्नेह को स्मरण किया। पीपीएस पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक पाटेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव ने बाल दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस दिन का लक्ष्य बच्चों को नेहरू जी के आदर्श जीवन, त्याग, राष्ट्रभक्ति और उनके मूल्यों से परिचित कराना है। साथ ही, समाज में बच्चों की भूमिका, उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी इस आयोजन का प्रमुख संदेश रहा। पीपीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जायसवाल और नगर पंचायत शोहरतगढ़.अध्यक्षा उमा अग्रवाल भी शामिल हुए। उन्होंने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएँ दीं और उन्हें अध्ययन में एकाग्रता, अनुशासन तथा समय प्रबंधन का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों से माता-पिता और शिक्षकों के प्रति सम्मान व कृतज्ञता बनाये रखने की अपील की। इस दौरान चेयरमैन ने बच्चों में चाकलेट वितरित किया। वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने कहा कि शिक्षा मनुष्य को विवेकशील, संस्कारित और शिष्ट बनाती है। उन्होंने जोर दिया कि शिक्षा से ही रचनात्मकता, परिपक्वता और सकारात्मक जीवन दृष्टि का विकास होता है। उनका मानना था कि हर बच्चे का प्रथम कर्तव्य विद्या अर्जन कर स्वयं को राष्ट्र के लिए योग्य बनाना होना चाहिए, ताकि नेहरू जी का आदर्श भारत साकार हो होना चाहिए, ताकि नेहरू जी का आदर्श भारत साकार हो सके। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य-गीत प्रस्तुतियाँ, बैडमिंटन, खो-खो, स्पून गेम, कलर जेम प्रतियोगिता, चित्रकला और भोजन स्टॉल सहित कई रोचक गतिविधियां आयोजित की गईं। बच्चों ने इन प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं बीआरसी शोहरतगढ़.के शिक्षक मुश्तन शेरुल्लाह को प्रबन्धक पी0पी0 श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा नेता श्याम जायसवाल, चेयरमैन उमा अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा, मानवाधिकार के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र उर्फ नीलू रूंगटा, व्यापार संगठन तहसील अध्यक्ष आनन्द कसौधन ने शाल पहनाकर सम्मानित किया। वहीं बाल दिवस के अवसर पर उपरोक्त लोगों ने बच्चों के साथ केक काटकर चाचा नेहरू का जन्मदिन मनाया। इस दौरान उपस्थित अतिथि, शिक्षक, शिक्षिका में सहित बच्चे उपस्थित रहें।



# भाजपा ने बिहार चुनाव में प्रचण्ड जीत का मनाया जश्न

असदुल्लाह सिद्दीकी



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता श्याम जायसवाल के नेतृत्व में श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में कार्यकताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी की प्रचण्ड जीत का जश्न मनाया गया। वहीं श्याम जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पटाखे फोड़कर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर विजय उत्सव मनाया। श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में भाजपाई जुटे थे। 'भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद', 'भारत माता की जय', 'मोदी-नीतीश जिन्दाबाद', 'योगी आदित्यनाथ - मोदी जी जिन्दाबाद', 'मोदी - जगदम्बिका पाल जिन्दाबाद' जैसे नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। कार्यकताओं का उत्साह ऐसा था मानो दीपावली का पर्व समय से पहले ही आ गया हो। इस अवसर पर भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है। उन्होंने जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। यह जीत दशार्ती है कि जनता अब राजनीति के शोर में नहीं, बल्कि विकास के कार्यों में विश्वास करती है। श्याम जायसवाल ने आगे कहा कि बिहार की यह ऐतिहासिक जीत पूरे देश में एक सकारात्मक सन्देश दे रही है। इससे स्पष्ट है कि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा, कार्यकताओं की मेहनत और शीर्ष नेतृत्व की नीतियां जनता के दिलों तक पहुंच रही हैं। उन्होंने इस विजय को केवल राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि नये भारत के निर्माण की दिशा में बढ़ाया गया एक मजबूत कदम बताया।

## हेलो किड्स प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



वेलकम इंडिया

**टाण्डा।** नगर के मोहल्ला नज्जूपुरा में स्थित हेलो किड्स प्ले स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री और बच्चों के चहेते चाचा नेहरू पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नन्हें-मुन्नों के साथ मिलकर केक काटा और खुशियां बांटीं। स्कूल परिसर रंग-बिरंगे गुब्बारों, झंडियों और बच्चों की किलकारियों से गूंज उठा। नन्हे मुन्ने बच्चों ने आकर्षक नृत्य, कविताएं और नाटिकाएं प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम की शुरूआत चाचा नेहरू को श्रद्धांजलि देते हुए हुई, जिसमें बच्चों ने फूलों की मालाएं चढ़ाईं और उनके आदर्शों को याद किया। प्रिंसिपल आसिफा परवीन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, चाचा नेहरू कहा करते थे कि बच्चे देश का भविष्य हैं। हमें उनके पदचिन्हों पर चलकर देश को मजबूत बनाना है। समस्त स्टाफ ने भी चाचा नेहरू के जीवन और बच्चों के प्रति उनके असीम प्यार पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पेंसिल, चॉकलेट, गिफ्ट पैक और खिलौने वितरित किए गए।बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखते ही बनती थी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका आसिफा परवीन, मोहम्मद नाजिम, मौलवी मोहम्मद आकिल, शहरीन साबरी, इकरा, खालिदा, सिमरन और अर्शी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## टेड़िया व अगया गांव में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

असदुल्लाह सिद्दीकी

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत टेड़िया व अगया में शासन की मंशा के अनुरूप गांव की समस्या गांव में समाधान करने हेतु शुक्रवार को चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टेड़िया गांव में चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव संदीप सरोज ने किया और वहीं अगया गांव में आयोजित चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव कुंवर कन्नौजिया ने की। चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सचिवों ने केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही ब्लॉक स्तरीय विविध योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए शौचालय प्रयोग के साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। आगे उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी 2047 तक भारत को एक विकसित भारत बनाना चाहते है। सभी लोगों से




क्यू0आर0 कोड जारी कर उनसे सुझाव मांगे गये है। सभी को सुझाव देने चाहिए कि भारत 2047 तक भारत को कैसे विकसित भारत बनाया जा सके। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आरबीआई प्रतिनिधि सन्तोष शुक्ला ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री सड़क दुर्घटना योजना, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या संबृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी अनुदान योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजनाओं के साथ आर्थिक उन्नति, बैंकिंग बीमा और साइबर क्राइम के रोकथाम आदि को लेकर लोगों को जागरूक किया। चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से राशनकार्ड, फैमिली आईडी, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री सड़क दुर्घटना योजना, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना आदि योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।इस दौरान प्रमुख रूप से केड़िया गांव में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र कुमार व अजय कुमार, सचिव सन्दीप सरोज, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक सहित गांव के पंच गुलाम चौहान, शिव पूजन, जुगुनू, शम्भू, प्रेम सागर, कंटू, छेदी के साथ अगया गांव में ग्राम प्रधान सुभाष यादव, सचिव कुंवर कन्नौजिया सहित ग्रामीण मौजूद रहें।

## बाल दिवस के अवसर पर दयावती मोदी अकेडमी में किया गया वार्षिक क्रीड़ा दिवस का आयोजन

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** खेल हमें अनुशासन, टीमवर्क और कठिनाइयों से लड़कर आगे बढ़ने की सीख देते हैं। मैदान में गिरकर फिर उठने का साहस ही जीवन की असली सफलता है।

यह बात जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बाल दिवस के अवसर पर आयोजित दयावती मोदी अकैडमी की वाटिका शाखा के वार्षिक क्रीड़ा दिवस कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल खेलकूद नहीं, बल्कि बच्चों के आत्मविश्वास, टीम भावना और सर्वांगीण विकास का सुंदर माध्यम है। नन्हे-मुन्नों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल गतिविधियाँ वास्तव में मनमोहक रहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय के सभी अध्यापक विशेष बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने इतनी छोटी कक्षाओं के बच्चों को



अपने हुनर दिखाने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चे आने वाले समय में शिक्षा, खेल और अन्य गतिविधियों में जनपद व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी प्रोत्साहित करें, क्योंकि आत्मविश्वास से भरा बच्चा भविष्य में हर क्षेत्र में आगे बढ़ता है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावकगण तथा नन्हे-मुन्ने बच्चों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी ऊर्जा से भर दिया।

## दो बाइक सवार के दो गुलदार को सामने देख उड़े होश

जनपद बिजनौर के तहसील नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम करमसखेड़ी वह हकीमपुर कजी उर्फ कबाड़ी वाला के बीच लगातार गुलदार दिखाई दे रहे हैं जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है गुलदार आते जाते कई राह गीरो को दिख चुके हैं और वन विभाग को भी सूचना दी गई थी लेकिन वन विभाग की टीम कुछ दिन पहले आई थी लेकिन खना पूरी कर कर चली गई थी दिनांक 13/11/2025 को लगभग रात्रि 9:30 बजे के करीब नजीबाबाद की और से करमसखड़ी जा रहे कुछ लोगों को क्रेशर से पहले रोड पर दो गुलदार खड़े नजर आए मोटरसाइकिल सवार के दोनों गुलदार को देख कर होश उड़ गए गनीमत यह रही की दोनों गुलदार लाइट को देखकर सड़क के किनारे हो गए और वह दोनों बाइक सवार घबराते हुए उनके पास से निकलकर अपने गांव करमासखेड़ी चले गए लेकिन बाइक सवार के गुलदार को देख कर कई घंटे तक होश उड़े रहे लेकिन अब देखना यह है क्या वन विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

# आर आर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर ::** बालदिवस के अवसर पर स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र- छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले स्कूल के चेयरमैन डॉ मनुजेंद्र गुप्ता, प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, डायरेक्टर प्राची गुप्ता ,व उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। प्रतियोगिता के पहले दिन कक्षा एक से कक्षा पांच तक के छात्र - छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल के प्रबंध तंत्र ने मसाल जलाकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत चारों सदनों द्वारा मार्च पास्ट



के साथ हुई। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने प्रेरक भाषण देते हुए कहा कि छात्र जीवन में शिक्षा का जितना महत्व है उतना ही खेलों का होता है इससे छात्रों के मानसिक एवं शारीरिक विकास में सहायता मिलती है और छात्रों के चरित्र का समग्र विकास होता है। प्रतियोगिता के पहले दिन बालक वर्ग में कक्षा एक से 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में परीक्षित चौहान प्रथम, भव्य सैनी द्वितीय, अदविक राजपूत तृतीय कक्षा दो में दिक्षित कुमार प्रथम, केशव सैनी द्वितीय, वासव सैनी तृतीय कक्षा तीन में फैज प्रथम, शिवांस राणा द्वितीय लक्ष्य चौधरी तृतीय कक्षा चार में कुश चौधरी प्रथम, आरव दत्त द्वितीय, मौनाक्ष राजपूत तृतीय कक्षा पांच में लव्य प्रथम, आर्य द्वितीय नमन तृतीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बालिका वर्ग में कक्षा एक से भव्या सिंह प्रथम, वेदांशी राजपूत द्वितीय, प्रियांशी शर्मा तृतीय कक्षा दो में मानी प्रथम, भूमिका द्वितीय, वानी कौर तृतीय कक्षा तीन में अनाबिया प्रथम, शिवांगी चौहान द्वितीय, अजगा तृतीय कक्षा चार में दिव्यांशी चौधरी प्रथम, मानसी दिवाकर द्वितीय, अवनी तृतीय कक्षा पांच में हरप्रीत कौर प्रथम, आस्था द्वितीय, कनिका ने तृतीय, स्थान प्राप्त किया। बोरी दौड़ प्रतियोगिता के बालक वर्ग में कक्षा एक में आरुष चौहान प्रथम, कुणाल चौधरी द्वितीय, यक्ष सैनी तृतीय कक्षा दो में युवराज प्रथम, प्रिंस द्वितीय, दृश्यम सिंह तृतीय बालिका वर्ग से कक्षा एक में तन्वी पाल प्रथम, आराध्या चौहान द्वितीय, मान्या ठाकुर तृतीय कक्षा दो में सनाया प्रथम, लावण्या द्वितीय, रमनदीप तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## मोबाइल टावरों से निकलने वाली रेडिएशन से लोगो के शरीर में फैल रही बीमारियां

**बिजनौर।** जनपद बिजनौर नगीना नगर के चारों ओर हर गली मोहल्लों के आसपास मकानों की छतों व खाली पड़े प्लाटों में लगे अलग-अलग कम्पनीयों के ऊंचे ऊंचे मोबाइल फोन टावरों से निकलने वाली रेडिएशन से लोगो के शरीर में तरह तरह की बीमारियांफैल रही है मोबाइल टावरों से पहले हार्ट व कैंसर की लोगों के शरीर में बीमारीया थी। बहुत कम। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर के चारों ओर गली मोहल्लों में करीब करीब लोगों के मकानों की छतों व खाली पड़े प्लाटों में आबादी के बीचों बीच जब से अलग अलग कम्पनियों ने नियम व कानूनों को ताक पर रखते हुए। मोबाइल फोन टावरों की भरमार की है। तभी से मोबाइल टावर से निकलने वाली रेडिएशन से लोगो के शरीर में हार्ट व कैंसर एवं अन्य तरह तरह की बीमारियों ने अपने पांव पसार रखें है। पुराने जानकारों का कहना है कि जब यह मोबाइल फोन टावर नहीं लगे थे।

## कलेक्ट्रेट सभागार मे मतदेय स्थलो के सम्भाजन संबंधी बैठक आयोजित हुई




वेलकम इंडिया महमूद रजा

बिजनौर बिजनौर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में मतदेय स्थलों के सम्भाजन संबंधी बैठक आयोजित हुई जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि मा. निर्वाचन आयोग द्वारा प्रति मतदेय स्थल पर अधिकतम 1500 मतदाता एवं ऐसे मतदान केंद्र जहां स्थापित मतदेय स्थल पर 1500 से अधिक मतदाता मौजूद हैं, अन्य बूथ अथवा नए बूथ संभाजन के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिये थे कि बूथ संभाजन के दौरान इस बात का ध्यान रखा जाए कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार का दिक्कत न हो।

मतदाता के घर से बूथ की दूरी निर्धारित दूरी से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश कि यदि किसी केंद्र पर दो बूथ हैं तो 1500 मतदाता प्रति मतदेय स्थल के रूप में समायोजित करने की कोशिश की जाए, ताकि बूथों की संख्या कम हो सके। किसी बूथ पर अगर कम मतदाता हैं तो दूसरे अन्य बूथ से जोड़ने की कोशिश की जाए, लेकिन यह जरूर ध्यान रखा जाए कि इससे मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बैठक में उपस्थित राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि उक्त संबंध में अपने सुझाव/आवेदन/प्रस्ताव जिला निर्वाचन कार्यालय में जल्द उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि उनको निर्वाचन आयोग को समयपूर्वक प्रेषित किया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, समस्त उप जिलाधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, राजनीतिक दल भाजपा से धीर सिंह, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक, सपा से अखलाक उर्फ पप्पू सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## वी..एस.एम. एकेडमी में बाल दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर।** वी.एस.एम. एकेडमी में बाल दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गीत और कविता रहे। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन करते हुए मंच को जीवंत कर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, उमंग और बालसुलभ ऊर्जा देखते ही बन रही थी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य हिमांशु चौधरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लबाल दिवस हमें यह याद दिलाता है कि बच्चे ही हमारे




देश का भविष्य हैं। उनका संरक्षण, उनकी शिक्षा और उनके सपनों को साकार करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा भी दी। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय की ओर से सभी विद्यार्थियों के लिए भोजन की विशेष व्यवस्था की गई, जिसका बच्चों ने बड़े आनंद से स्वाद लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, कोऑर्डिनेटर और सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और पूरे विद्यालय परिसर में बाल दिवस का उल्लास वातावरण महसूस किया गया।

# यूनिवर्सल एकेडमी में धुमधाम से मनाया बाल दिवस

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी में बाल दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया बच्चों ने बांधा समां। बाल दिवस बच्चों के लिए खुशी का उत्सव है। इस अवसर को और भी रोमांचक बनाने के लिए स्कूल में बच्चों के लिए एक मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को अनेक प्रकार के खेल खिलाए गए। कठपुतली शो दिखाया गया अनेक प्रकार की गतिविधियाँ कराई गई तथा बच्चों को प्रशंसक खेल खिलाए गए। जिसमें बच्चों ने खूब आनंद लिया। सभी अध्यापिकाओ ने बच्चों के साथ बच्चे बनकर अपना बचपन दोबारा से जिया. बच्चों के लिए उनके पसंद के




खाने का प्रबंध किया गया जिसका बच्चों ने खूब आनंद लिया। कक्षा 9 के छात्र व छात्राओं ने सुबह की प्रार्थना में पंडित जवाहरलाल नेहरू की भूमिका निभाई। किंडर गार्डन की अध्यापिकाओं द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष में एक गाना प्रस्तुत किया गया। वहीं कुछ अध्यापकों ने अपने नृत्य द्वारा धूम मचाई। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी तथा उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए बहुत सारी शुभकामनाएं दी।

# श्रृंगेरी शारदा पीठम के जगद्गुरु शंकराचार्य का चेयरमैन रविकांत शर्मा के आवास प्रथम आगमन पर हुआ स्वागत



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**नई दिल्ली, विकासपुरी।** श्रृंगेरी शारदा पीठम के जगद्गुरु शंकराचार्य श्री श्री विधुशेखर भारती महास्वामी जी के प्रथम आगमन पर शुक्रवार को विकासपुरी स्थित 17 हिमगिरि अपार्टमेंट में भव्य स्वागत किया गया। विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के संस्थापक ब्राह्मण शिरोमणि स्वर्गीय पं. मांगेराम शर्मा के सुपुत्र एवं संगठन के चेयरमैन पं. रविकांत शर्मा के आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धा और परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला।आचार्य श्री के साथ श्रृंगेरी पीठ के विद्वान ब्राह्मणों ने आगमन पर विधि-विधान से दीप प्रज्वलन, चरण पादुका पूजन तथा मंत्रोच्चारण किया। इस अवसर पर पं. रविकांत शर्मा, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति शर्मा, पुत्र मणिकांत शर्मा, पुत्री स्वस्ति शर्मा, राष्ट्रीय सचिव संजय कौशिक, उपाध्यक्ष पं. अंबिका प्रसाद शर्मा, पं. स्वतंत्र शर्मा, पं. राधेश्याम शर्मा, श्री राजेश कौशिक, विनोद वशिष्ठ प्रशाद सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए अनेक विप्र बंधु उपस्थित रहे।ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने जगद्गुरु शंकराचार्य के श्रीचरणों में माल्यार्पण कर भारत ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि में सुख, शांति और सद्भाव की कामना की।ज्ञात हो कि विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के संस्थापक स्व. पं. मांगेराम शर्मा का श्रृंगेरी शारदा पीठ के शंकराचार्य से दीर्घकालिक आध्यात्मिक संबंध रहा है।उन्हीं की परंपराओं और मार्गदर्शन पर चलते हुए चेयरमैन पं. रविकांत शर्मा समाज सेवा और आध्यात्मिक पथ पर आगे बढ़ रहे हैं।

# बिहार विधानसभा चुनाव की शानदार रिकॉर्ड जीत पर किंग मेकर बने ओंकार यादव



**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए की शानदार जीत दर्ज की है।एनडीए 202 सीट पर जीत दर्ज की है,2020 के नतीजें से इस बार बीजेपी और जदयू ने डबल सीट पर जीत दर्ज की है।बिहार में युवाओं को नौकरी देने का वादा करने वाले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की भी सीट बड़ी मुश्किल से जीत मिली है।बांका जिला के जदयू नेता राजनीतिक सलाहकार समिति सदस्य ओंकार यादव ने बिहार में रिकॉर्ड तोड़ जीत पर सभी बिहार वासियों को धन्यवाद दिया साथ ही जीते हुए विधायकों को बधाई दी। ओंकार यादव ने कहा बिहार में नीतीश कुमार की सरकार ने सभी जाती धर्म के लोगों के लिए काम किया है और वहीं काम देखकर नीतीश कुमार के अच्छे कार्य से प्रेरित होकर बिहार की महिलाओं और यूथ ने फिर से नीतीश कुमार को बिहार के उज्वल भविष्य के लिए चुना है, एनडीए में इस बार यादव और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पसंद किया है ।बिहार में अब डबल रफ्तार से होगा विकाश बांका 5 विधानसभा सीट चला ठऊअ का जादू लोगो ने पसंद 5 सीटों पर राजस को नुकसान हुआ है। ओंकार यादव ने कहा हमे अच्छा लगा यदुवंशी ने भी लालटेन को छोड़कर एनडीएको पसंद किया।

# प्राथमिक विद्यालय बसुहन में पुस्तकालय का उद्घाटन, विजेताओं को पुरस्कार

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद।** बाल दिवस के अवसर पर वाराणसी के प्राथमिक विद्यालय बसुहन सेवापुरी में 'बाल मेला' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र में संपन्न हुआ। जिला पंचायत सदस्य अमन सिंह 'रजत' मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।खण्ड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय कुमार यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और मुख्य अतिथि का स्वागत व सम्मान किया।

इस अवसर पर विद्यालय के पुस्तकालय का भी उद्घाटन किया गया ।मेले में बाल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। बच्चों ने अभिभावकों के सामने और उनके साथ विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया, जिससे मुख्य अतिथि प्रभावित हुए ।मुख्य अतिथि अमन सिंह 'रजत' ने शिक्षा में अभिभावकों के सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि परिवार ही बच्चे का पहला विद्यालय होता है, जहाँ वह सबसे अधिक समय बिताता है और संस्कारों तथा शिक्षा से प्रभावित होता है ।खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा और विकास में परिवार तथा समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने जोर दिया कि अभिभावकों और समुदाय का आंगनबाड़ी केंद्र के साथ संवाद व सहयोग बच्चे की सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और समृद्ध बनाता है।

इस बाल मेले में विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

# राजकीय हाईस्कूल में मनाया गया 14 वां वार्षिकोत्सव



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** सेवापुरी ब्लॉक के लालपुर गांव स्थित राजकीय हाईस्कूल में शुक्रवार को विद्यालय का 14वां वार्षिकोत्सव छात्राओं द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा सेवापुरी मंडल अध्यक्ष अभिषेक दूबे व विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान ओमप्रकाश यादव व अभिषेक त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रमाशंकर यादव द्वारा विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया व अतिथियों का अंगवस्त्र देकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया ।इस दौरान छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ।अतिथियों द्वारा प्रतिभागी छात्राओं को मैडल व सील्ड देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर अशोक सिंह, अभय तिवारी, अभिषेक यादव समेत छात्राओं के अभिवावक व क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# चाचा नेहरू के जन्मदिवस पर उच्च प्राथमिक विद्यालय भरनाकलां मे लगाया बाल मेला




**मथुरा/गोवर्धन।** तहसील के गांव भरनाकला स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय भरनाकला मे चाचा नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर बच्चो एवं विद्यालय स्टॉफ के द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमे सर्व प्रथम मेले का फीता काटकर विद्यालय स्टॉफ के शिक्षक एवं शिक्षिका के द्वारा किया गया, बच्चो के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की स्टॉल लगाई गयी जिनमें चाट पकोड़ी, पानी पूरी, भेलपुरी, मोमोज आदि शामिल थे, बच्चो द्वारा खूब खरीद दारी की, और मेले को चार चाँद लगा दिए गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक पी. वी. जोशी ने बाल मेले के आयोजन के बारे मे सभी को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रताप सिंह, महेंद्र, दीक्षित, धर्मेंद्र सिंह, मयंक सिंघल, शीला शर्मा, निधि अग्रवाल,मुकेश, कृष्ण मुरारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# बुढ़ासी में कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम सम्पन्न



**छतारी..(बुलंदशहर)।** गांव बुढ़ासी में शुक्रवार को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक कोल्ड स्टोर सहित 17 स्वयं सहायता समूहों को कुल 36 लाख रुपये के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज एम, पहासू ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी नरेन्द्र शर्मा और शाखा प्रबंधक सुभाष जैन ने संयुक्त रूप से किया। अधिकारियों ने लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए और बैंक की विभिन्न सरकारी योजनाओं व कृषि ऋण सुविधाओं की जानकारी भी दी। शिविर के दौरान हरेंद्र सिंह के तिरुपति बालाजी कोल्ड स्टोर को 4 करोड़ 40 लाख रुपये तथा 17 स्वयं सहायता समूहों को प्रत्येक को 6-6 लाख रुपये के स्वीकृति पत्र दिए गए। इस मौके पर ग्रामीण विकास अधिकारी विवेक शर्मा, ग्राम प्रधान महबूब, गंगा सरण, पवित्रा, मीनू, नितिन सागर, केपी सिंह, फैजान, रूपाली सूर्यवंशी, बैंक सखी हेमलता यादव, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष पूजा भारद्वाज, बैंक मित्र सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# संत प्रेमानंद महाराज ने किए हरिवंश महाप्रभु की जन्मभूमि के दर्शन, उमड़ा भक्तों का सैलाब

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** ब्रज के रसिक संत प्रेमानंद महाराज के दर्शनों के लिए हजारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ पड़ा। संत प्रेमानंद महाराज बुधवार को वंशी अवतार श्रीहित हरिवंश चन्द्र महाप्रभु की जन्मभूमि ' हिताचार्य पीठ श्रीजी मंदिर ' बाद ग्राम पहुंचे। जैसे ही प्रेमानंद महाराज के बाद ग्राम पहुंचने की सूचना फैली, हजारों भक्तजन उनके दर्शनों के लिए एकत्रित हो गए। भक्तों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला।

संत प्रेमानंद महाराज ने हरिवंश महाप्रभु की जन्मभूमि में प्रणाम किया और श्रीजी के चरणों में बैठकर राधा नाम संकीर्तन किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महाराज ने जन्मभूमि परिसर में स्थित 'तारा महल' में दर्शन किए और अष्ट सखियों को भी राधा नाम संकीर्तन कर रिझाया। इस दौरान संत प्रेमानंद महाराज भावविभोर नजर आए।

राधावल्लभ संप्रदाय के संप्रदायाचार्य हरिवंश महाप्रभु की जन्मभूमि में दर्शन को संत प्रेमानंद महाराज ने हर भक्त के लिए परम सौभाग्य का विषय बताया। उन्होंने कहा कि हरिवंश महाप्रभु की जन्मभूमि में 'सेवक वाणी' पाठ करने के बाद ही ऐसी अहेतु की कृपा हुई कि राधावल्लभ लाल के रंग में रंग गए। यह कृपा ही है जो देश ही नहीं, दुनियाभर में राधा नाम की ध्वजा पताका लहराए हुए है। इस अवसर पर चारों ओर राधा नाम संकीर्तन गूंज रहा था, जिसने एक अद्भुत भक्तिमय माहौल बना दिया।

इस मौके पर बड़ा रासमण्डल के महामंडलेश्वर श्रीमहंत लाड़िली शरण महाराज, हिताचार्य पीठ के महंत दम्पति शरण महाराज, श्रीजी मंदिर बाद ग्राम के मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह तरकर सहित हजारों की संख्या में साधु-संत व भक्तजन उपस्थित रहे।

# एससीएम पब्लिक स्कूल व के न पब्लिक स्कूल चिल्ड्रन डे बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**





**हापुड़।** जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ छावनी के एससीएम पब्लिक स्कूल में बच्चों के प्रिय दिवस चिल्ड्रन डे को बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा और पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि देकर की गई। प्रधानाचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, जिनके सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय सदैव प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने नृत्य, गीत, कविताओं और नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। शिक्षकों द्वारा भी बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसे देखकर छात्र बेहद खुश हुए ।विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों को टॉफियाँ, उपहार और नाश्ता वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल रहा। अंत में विद्यालय प्रशासन ने बच्चों को मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# सरकारी अस्पताल में मरीज ने डॉक्टर पर लगाया अवैध वसूली का आरोप

**वेलकम इंडिया**



**डिबाई.(बुलंदशहर)।** जहां उत्तर प्रदेश की सरकार गरीब मरीजों के लिए सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपचार करा रही है वही सरकारी डॉक्टर मरीजों से आंखों के ऑपरेशन के नाम से पैसे वसूल रहे हैं। ऐसे सरकारी डॉक्टर भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने में नजर आ रहे हैं। ताजा मामला डिबाई तहसील क्षेत्र के ग्राम भीमपुर दोराहे का है। जहां पर 100 सैय्या संयुक्त चिकित्सालय बना हुआ है वहां पर मरीजों से आंखों के ऑपरेशन करने के लिए पैसे वसूल रहे हैं।

शिकायतकर्ता जितेंद्र कुमार पुत्र सुरेश चंद्र निवासी ग्राम नरायनपुर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखित शिकायती पत्र में लिखा है कि अपनी माता जी नारायनी देवी को लेकर सरकारी अस्पताल भीमपुर दोराहे पर गया था। जहां पर मुख्य नेत्र डॉक्टर ने मुझे एक प्राइवेट अस्पताल में भेज दिया। जो मुझसे वह 1500 रुपएं की मांग करने लगा और कहने लगा जब आप 1500 रुपयें जमा कर दोगे जब ही आपका सरकारी अस्पताल में आंखों का ऑपरेशन होगा।

यही हाल सरकारी अस्पतालों में मरीजों से वसूली करने का होगा तो यह सरकारी अस्पताल भी प्राइवेट अस्पताल के रूप में धन कमाएंगे। संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस मामले की जांच अवश्य करनी चाहिए। जब इस संबंध में अस्पताल के सीएमएस बता करनी चाही तो उनका फोन स्विच ऑफ था।

# 27वीं अंतरजनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल : गाज़ियाबाद पुलिस पेंथर विजेता

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जे०एम०एस० क्रिकेट अकादमी ग्राउंड, जे०एम०एस० वर्ल्ड स्कूल (हापुड़) में शुक्रवार, 14 नवंबर 2025 को 27वीं अंतरजनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता (मेरठ जोनझ2025) का फाइनल मुकाबला खेला गया। रोमांचक फाइनल में गाज़ियाबाद पुलिस पेंथर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बागपत पुलिस ब्लास्टर को 11 रन से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया।

समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे हापुड़ के एसपी क.ढ.र. ग्यानंजय सिंह, ल्ढऊअ के उपाध्यक्ष नितिन गौड़ (मुख्य अतिथि), सीओ सिटी वरुण मिश्रा, डिप्टी एसपी पिलखुआ अनीता चौहान, डिप्टी एसपी हापुड़ जितेन्द्र शर्मा, थानाध्यक्ष हाफि जपुर प्रवीण कुमार, तथा जे०एम०एस० ग्रुप के फाउंडर चेयरमैन श्री राकेश सिंघल, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आयुष सिंघल, डायरेक्टर जनरल प्रो. डॉ. सुभाष गौतम, एवं जे०एम०एस० वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. निधि मालिक।

सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया ।मैच की जानकारी देते हुए जे०एम०एस० ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक डॉ. आयुष सिंघल ने बताया कि गाज़ियाबाद पुलिस पेंथर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 202 रन बनाए।

# डीएवी कॉलेज में कानूनी साक्षरता शिविर, छात्र-छात्राओं को दी गई सुरक्षा संबंधी जानकारी

**बुलंदशहर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर डीएवी डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत कानूनी साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य राजीव सिरोही ने अतिथियों का स्वागत किया। शिविर में पूर्व अपर जिला जज/मध्यस्थ सी.पी. सिंह, नामित अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार, सब इंस्पेक्टर दिव्या चाहर सहित अन्य वक्ताओं ने घरेलू हिंसा, दहेज निषेध, यौन शोषण, बाल अपराध, मुफ्त कानूनी सहायता, बैंक लोन, बिजली बिल, वाहन चालान में छूट व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। छात्राओं को बताया गया कि किसी भी उत्पीड़न की स्थिति में वे कानून और संबंधित अधिकारियों की मदद कैसे ले सकती हैं। सब इंस्पेक्टर दिव्या चाहर ने छात्राओं को कानूनी सहायता का उपयोग करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया। वक्ताओं ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण समय-समय पर कॉलेजों व गांवों में ऐसे शिविर आयोजित कर रहा है।

# राजकीय शिशु सदन में हुआ बाल दिवस समारोह का भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति, इलाहाबाद के दिशा-निर्देश एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित ह्लतरंगह्व पहल के अंतर्गत राजकीय शिशु सदन, मथुरा में बाल दिवस का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश विकास कुमार के साथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुरेन्द्र प्रसाद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड गौरव सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास कुमार, सदनों के अधीक्षक एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

बच्चों ने इस अवसर पर देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत प्रस्तुत किए, जिनसे वातावरण में उत्साह और राष्ट्रीय भावनाओं की ऊर्जा भर गई। इसके अतिरिक्त बच्चों द्वारा किए गए हैरतअंगेज कलाबाजी के प्रदर्शन ने उपस्थित अतिथियों को प्रभावित किया और सभा स्थल में तालियों की गूंज भर गई। मुख्य अतिथि ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई विभिन्न गतिविधियों, देशभक्ति गीतों तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया गया।

जिला प्रोवेशन अधिकारी विकास कुमार ने सभी माननीय अतिथियों, अधिकारियों तथा कार्यक्रम से जुड़े सहयोगी सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# जीएम नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने मनाया बाल दिवस



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** जीएम नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 14 नवंबर को बाल दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। सुबह से ही कॉलेज परिसर में बच्चों के बीच अपार ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरूआत छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई। बच्चों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, नाटक व बाल दिवस पर आधारित प्रेरक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। मंच पर बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह ने उपस्थित जनों को भाव-विभोर कर दिया। शिक्षकों और अतिथियों ने बच्चों के साथ समय बिताया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर कॉलेज के सचिव बृजेन्द्र शर्मा, डॉ. बिंदेश दीक्षित, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अभिषेक चौधरी, तथा प्रधानाचार्य चंचल कुमार सहित हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक और कर्मचारी डॉ. ललित कुमार, विशाल सिंघल, नेहा, कन्हैया सैनी, सागर शर्मा, दिव्यांशी, गुरुदेव, रामकुमार, बलदेव, बलराम, विष्णु, मनोज समाधियां आदि गणमान्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल दिवस न केवल एक उत्सव है, बल्कि बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के प्रति समाज की संवेदनशीलता का प्रतीक है।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म शताब्दी पर हापुड़ में भव्य पदयात्रा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज शहर में एक भव्य पदयात्रा निकाली गई। मीनाक्षी रोड से शुरू हुई यह यात्रा विधायक विजयपाल आडती के नेतृत्व में जनसैलाब में बदल गई। यात्रा में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट, स्कूली बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग, युवा तथा भाजपा कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।पदयात्रा का शुभारंभ पूर्व राज्यसभा सांसद कांता कर्दम ने किया। जैसे ही यात्रा आगे बढ़ी, पूरे मार्ग में ॥सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहें॥ और ॥भारत माता की जय॥ के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

यह यात्रा पंक्तिबद्ध रूप से शहर के प्रमुख स्थानों—पक्का बाग चौराहा, अतरपुरा चौराहा, तहसील व गुरुद्वारा—से होते हुए सब डिग्री कॉलेज पहुंची।सब डिग्री कॉलेज परिसर में सभा को संबोधित करते हुए कांता कर्दम ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को लौह पुरुष के रूप में देश सदैव याद रखेगा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश की रियासतों को एकसूत्र में पिरोकर भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाने का श्रेय पटेल जी को जाता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सरदार पटेल को भारत रत्न दिलाने को उनके सम्मान को बढ़ाने वाला कदम बताया।कांता कर्दम ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में केवल एक ही परिवार का महिमामंडन होता है, जबकि सरदार पटेल जैसे महान राष्ट्रनिमार्ताओं को वह वह सम्मान नहीं दिया गया, जिसके वे हकदार थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक विजयपाल आडती ने की। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, तथा भाजपा के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पदयात्रा को हापुड़ में एक ऐतिहासिक और उत्साहपूर्ण आयोजन के रूप में याद किया जा रहा है।

## विधवा महिला की जमीन पर कब्जा तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मखमूलपुर निवासी एक विधवा महिला ने एक महिला सहित दो लोगों पर उसकी जमीन पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कर कब्जा करने और विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव मखमूलपुर निवासी विधवा महिला राजबीरी ने बताया कि उसके दो पुत्र हैं एक पुत्र दिल्ली अर्ध सैनिक सीआईएसफ बल में नौकरी करता है और दूसरा भी दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है पीड़िता घर पर अकेली रहती है। पीड़िता के पुश्तैनी मकान के बराबर में एक खाली जमीन का टुकड़ा पड़ा हुआ है। गांव के ही सत्येंद्र और उसकी पत्नी कविता से जमीन पांच लाख रुपए मैं बेचने की बात हुई थी और छह माह में रुपए देने का वादा किया गया था। पीड़िता बीमार होने पर अपने पुत्रों के पास दिल्ली चली गई थी और वहीं पर अपना इलाज करा रही थी।

# बरेली से नोएडा जा रही रोडवेज बस का निकाला पिछला, बाल-बाल बचे यात्री

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** सीबीगंज थाने से कुछ कदम दूरी पर बरेली से नोएडा जा रही एक रोडवेज बस का पिछला पहिया अचानक बस से अलग हो गया। इस दौरान बस में बैठे सभी यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। लेकिन चालक की सूझबूझ से यह बड़ा हादसा टल गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने सवारियों को बस से बाहर निकाला और दूसरी बस में बिठाकर उन्हें उनके गंतव्य तक रवाना किया। अब आम लोग रोडवेज विभाग पर इस लापरवाही को लेकर कई सवाल उठा रहे हैं और ये लाजिमी भी है।

आपको बता दें कि रोडवेज बस चालक रूपेंद्र कुमार तोमर ने बताया है कि वे अपनी 78 एलएन 4620 रोडवेज बस लेकर निकले थे, जिसमें 30 सवारी बैठी हुई थी, और वे बस लेकर नोएडा के लिए रवाना हो गए थे। इसी दौरान जैसे ही उनकी बस रामपुर रोड सीबीगंज स्थित थाने के समीप पहुंचे कि उनकी बस का पिछला पहिया बस से अलग हो गया। लेकिन चालक की सूझबूझ से चालक ने बस को पलटने से बचा लिया और बड़ी घटना होने से टल गई।

सूचना पर सीबीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और बस में बैठी सभी सवारियों को सकुशल बाहर निकाल गया और उन्हें दूसरी बस में बिठाकर रवाना कर दिया। बताया जा रहा है कि बस के पहिए में केवल दो नट लगे हुए थे। जिस कारण चक्का बस से अलग हो गया। जबकि चालक ने बताया कि 8 नट लगे होते हैं अब इस घटना के बाद रोडवेज विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही के आरोप लग रहे हैं।

हालांकि इस दौरान किसी भी जानो माल को नुकसान नहीं पहुंचा था। हां अगर ये बस हाईवे पर होती और अपनी रफ्तार में होती तो निश्चित ही कोई बड़ी घटना हो सकती थी, सबाल ये खड़ा होता है की इतनी बड़ी चूक रोडवेज के तकनीकी विभाग द्वारा कैसे हो सकती है। इसका जबाब कौन देगा?

## सार संक्षेप

### हेलो किड्स प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल दिवस



**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा।** नगर के मोहल्ला नज्जूपुरा में स्थित हेलो किड्स प्ले स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री और बच्चों के चहेते चाचा नेहरू पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नन्हें-मुन्नों के साथ मिलकर केक काटा और खुशियां बांटीं। स्कूल परिसर रंग-बिरंगे गुब्बारों, झंडियों और बच्चों की किलकारियों से गूंज उठा। नन्हे मुन्ने बच्चों ने आकर्षक नृत्य, कविताएं और नाटिकाएं प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम की शुरूआत चाचा नेहरू को श्रद्धांजलि देते हुए हुई, जिसमें बच्चों ने फूलों की मालाएं चढ़ाईं और उनके आदर्शों को याद किया। प्रिंसिपल आसिफा परवीन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, चाचा नेहरू कहा करते थे कि बच्चे देश का भविष्य हैं। हमें उनके पदचिन्हों पर चलकर देश को मजबूत बनाना है। समस्त स्टाफ ने भी चाचा नेहरू के जीवन और बच्चों के प्रति उनके असीम प्यार पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पेंसिल, चॉकलेट, गिफ्ट पैक और खिलौने वितरित किए गए।बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखते ही बनती थी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका आसिफा परवीन, मोहम्मद नाजिम, मौलवी मोहम्मद आकिल, शहरीन साबरी, इकरा, खालिदा, सिमरन और अर्शी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत प्रस्ताव तैयार करने हेतु सीडीओ ने दिये निर्देश

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत प्रस्ताव प्राप्त कर शासन को प्रेषित किये जाने हेतु समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानाचार्य आई0टी0आई0, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा, मुख्य चिकित्साधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने विभाग से सम्बन्धित प्रस्तावों की पीपीआर एवं डीपीआर आगामी दो दिवस के भीतर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में 01 करोड या उससे अधिक लागत की परियोजाएं शासन को भेजी जानी है ताकि इन क्षेत्रों में विकास कार्यो को प्रगति मिल सके।

# विधवा का आरोप जमीन के सौदे में 30 लाख की उगाही, जान से मारने और बेटियों को उठाने की धमकी

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**



**बरेली।** थाना इज्जतनगर के ग्राम सैदपुर हॉकिन्स निवासी एक विधवा ने बरेली जोन के पुलिस महानिरीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर भूमि सौदे के नाम पर करोड़ों के लेनदेन में धोखाधड़ी, रंगदारी व जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला ने कहा कि पैसे लौटाने के बाद भी आरोपी उससे 30 लाख की जबरन मांग कर रहे हैं और शेष जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं।

महिला राजेश्वरी देवी पत्नी स्व. धर्मवीर, ने अपने आवेदन में बताया कि वह गांव सैदपुर हाकनस में कई गाटों की 1051 वर्गमीटर भूमि की मालिक हैं। इस जमीन में से 601 वर्गगज जमीन 30 लाख में धीरेन्द्र पाल से मौखिक रूप से तय हुई, जिसकी गवाही गांव के शंकरलाल और सतपाल ने दी। धीरेन्द्र पाल ने यह रकम अपने परिचितों अनुज कुमार गंगवार, प्रवेश कुमार और निर्देश त्यागी के बैंक खातों से फळ्ळ्रद्द के माध्यम से भेजी। महिला का पहले इन लोगों से कोई परिचय नहीं था। इसके बाद महिला ने जमीन के चार बैनामे कर 74 लाख 64 हजार की पूरी राशि प्राप्त की, जिसमें से हिसाब जोड़ने पर धीरेन्द्र पाल को 44 लाख 64 हजार वापस होने थे। राजेश्वरी देवी का कहना है कि उन्होंने धीरेन्द्र पाल के कहने पर अन्य खातों में धन न भेजकर उसकी ही बैंक खाते में 29 जुलाई और 30 जुलाई को दो किश्तों में 14.5 लाख जमा किए, जबकि शेष रकम नकद उसके हवाले कर दी। महिला ने कहा कि कुल मिलाकर धीरेन्द्र पाल को मूल रकम के अलावा 14.64 लाख का मुनाफा भी मिल चुका है, जिसका पूरा रिकॉर्ड उनके पास मौजूद है। महिला का आरोप है कि रकम प्राप्त होने के बाद भी धीरेन्द्र पाल और उसके तीन साथी ₹बैंक एंट्री निरस्त करानेे₹ के नाम पर 30 लाख रुपए की दोबारा मांग कर रहे हैं। आवेदिका ने कहा कि आरोपी उसे और उसकी नाबालिग बेटियों को उठाने की धमकी दे रहे हैं। 12 नवंबर को धीरेन्द्र पाल कथित तौर पर उसके घर पहुंचा और कहा कि या तो ₹30 लाख रुपए वापस करो₹ या ₹शेष जमीन का बैनामा कर दो।₹ महिला ने कहा कि चारों आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति के हैं, कई थानों में इन पर गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज हैं और इनका काम ही भूमि विवाद खड़ा कर रंगदारी वसूलना है। महिला ने एसएसपी से मांग की है कि थाना इज्जतनगर पुलिस को आदेशित किया जाए कि इन चारों आरोपियों पर धमकी, उगाही, धोखाधड़ी, जबरन कब्जे की कोशिश और जान से मारने की धमकी जैसे प्रकरणों में उचित धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाए।

# आधे घंटे की कॉल... और खत्म हो गई ज़िंदगी एयरफोर्स जवान शुभम की मौत छोड़ गई सवाल

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** एयरफोर्स स्टेशन में शुक्रवार तड़के सनसनी फैल गई। एयरफोर्स में तैनात 25 वर्षीय जवान शुभम कुमार ने ड्यूटी के दौरान अपनी सरकारी पिस्टल से माथे पर गोली मारकर सुसाइड कर लिया। घटना सुबह करीब 5:30 बजे की है। गोली चलने की तेज आवाज सुनकर साथी जवान मौके पर पहुंचे तो शुभम फर्श पर खून से लथपथ पड़े थे।

मौके पर ही उनकी मौत हो चुकी थी। शुभम के बड़े भाई विपिन कुमार, जो खुद भारतीय सेना में हवलदार हैं, ने बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा ये सुसाइड नहीं, मेरे भाई को मजबूर किया गया... उसने परेशान होकर जान दी है। सुबह 4 बजे शुभम के फोन पर एक कॉल आया था, करीब आधे घंटे तक बातचीत हुई इसके बाद शुभम ने खौफनाक कदम उठा लिया। विपिन ने बेहद भावुक होते हुए कहा ₹मेरा भाई मेरा जिगर था... उसकी मौत का बदला मौत से कम स्वीकार नहीं। जिसकी वजह से वह गया, उसे मौत की ही सजा होनी चाहिए। शुभम एयरफोर्स में 2020 में भर्ती हुए थे उनकी पहली पोस्टिंग बड़ोदरा (गुजरात) में हुई। 2024 से बरेली में पोस्टिंग थी। शुभम पंजाब के लुधियाना के रहने वाले थे। वह अविवाहित थे। उनकी बड़ी बहन की फरवरी में शादी होनी थी। विपिन की हाल ही में पोस्टिंग वेस्ट बंगाल से बरेली हुई थी। दोनों भाइयों ने गुरुवार रात वॉट्सऐप पर बातचीत की थी और वीकेंड पर मिलने का प्लान था। विपिन बोले ₹कौन जानता था सुबह भाई की लाश मिलेगी... अभी जनवरी में बहन की शादी की तैयारियां साथ करने वाले थे।₹ एयरफोर्स अधिकारियों ने घटना के लगभग डेढ़ घंटे बाद, सुबह 7 बजे, परिजनों को सूचना दी। इज्जतनगर थाना पुलिस और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज थानाध्यक्ष इज्जतनगर विजेंद्र सिंह ने कहा ₹जवान ने सुसाइड किया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।₹ भाई का सीधा आरोप है कि शुभम को मानसिक तौर पर इतना दबाव दिया गया कि उसने खुद को गोली मार ली। जांच एजेंसियों ने प्राथमिक जांच में कई संदेहजनक बिंदुओं को चिह्नित किया है। क्या फोन पर किसी ने धमकाया? क्या ड्यूटी में कोई विवाद था? क्या किसी अधिकारी का दबाव था? क्या यह सुसाइड है या किसी बड़े सच को छुपाने की कोशिश है?

# महिला शिक्षक संघ की पदाधिकारियों ने बीईओ से की शिष्टाचार भेंट

**वेलकम इंडिया**



**टांड।** शुक्रवार को महिला शिक्षक संघ भगतपुर-टाण्डा इकाई की पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार से नेकपुर स्थित उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात के लिए पहुंचा। इस दौरान पदाधिकारियों ने शिक्षिकाओं की विभिन्न समस्याओं से बीईओ को विस्तार से अवगत कराया।

बीईओ मोहित कुमार ने समस्याओं को बड़ी संजीदगी से सुना और उनका युक्तियुक्त शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक-शिक्षिकाएं अपनी समस्याओं से उन्हें बेझिझक अवगत कराते रहें, वे सभी समस्याओं का नियमानुसार उचित समाधान करते रहेंगे। इसके अलावा, उन्होंने शिक्षक-शिक्षिकाओं को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बीईओ ने संघ की पदाधिकारियों से अपील की कि वे सभी मिलकर विद्यालयों में बच्चों को विभागीय निर्देशानुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करें। विद्यालयों को बेहतर बनाएं, लंबित कार्यों को शीघ्र निपटाएं और ब्लॉक को जनपद में अग्रणी एवं नंबर एक पोजीशन पर पहुंचाने में सहयोग दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षकों की उनके स्तर की समस्याओं को लेकर वे बेफिक्र रहें, बस उन्हें लगातार अवगत कराते रहें तो समाधान हो जाएगा।

इस अवसर पर महिला शिक्षक संघ की ब्लॉक अध्यक्ष अभिलाषा, शाज़िया अहसन, इंद्रेश कुमारी, चंचल, पुष्पा गौतम, सुगंधबाला, चेतना चौधरी और सविता तिवारी आदि उपस्थित रहीं।

# पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा में शामिल हुए राजा भइया

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** कुडा विधायक और जनसत्ता दल प्रमुख कुँवर रघुराज प्रतायसिह राजाभैया ने मथुरा पहुच बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में खुद को शामिल किया। धीरेंद्र शास्त्री के साथ राजा भइया ने पैदल चलते हुए जयकारे लगाए और समर्थकों के बीच सड़क किनारे बैठकर भोजन भी किया।

गौरतलब है कि राजा भइया इससे पहले भी बागेश्वर धाम सरकार की यात्रा में शामिल हो चुके हैं, जब उन्होंने बागेश्वर धाम से निकली पदयात्रा में हिस्सा लिया था। दिल्ली से वृंदावन की पदयात्रा में राजा भइया के दोनों बेटे कुंवर शिवराज प्रताप सिंह और कुंवर बृजराज प्रताप सिंह भी शामिल हुए। इसके अलावा प्रतापगढ़ के पूर्व सांसद और वर्तमान एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी, कुंडा के पूर्व प्रमुख और वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली भी उपस्थित रहे।राजा भइया ने पदयात्रा के दौरान कहा सनातन धर्म ही हमें एकजुट रख सकता है। यह धर्म हमारी संस्कृति और पहचान है। हमें इसे बचाने और मजबूत करने के लिए एकजुट होना होगा। बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी का यह प्रयास सराहनीय है। वे सनातन धर्म की एकता के लिए काम कर रहे हैं और हमें उनका समर्थन करना चाहिए।राजा भइया ने कहा हमारा उद्देश्य सनातन धर्म की एकता को मजबूत करना है। हमें जाति, धर्म और क्षेत्र के भेदभाव को भूलकर एकजुट होना होगा। सभी जातियों को एकजुट होकर सनातन धर्म की रक्षा करनी होगी। तभी हम अपने धर्म और संस्कृति को बचा सकते हैं।पदयात्रा 7 नवंबर से शुरू हुई थी और 16 नवंबर को वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में धर्म ध्वजा चढ़ाने के साथ समाप्त होगी।बागेश्वर धाम सरकार ने राजा भइया के बारे में कहा राजा भइया हनुमान भक्त है जो सनातन के लिए सदैव चिन्तन करते है।

# प्रोफेशनल मीट में प्रबुद्ध वर्ग को दिलाया स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प

**वेलकम इंडिया**




**झांसी।** भाजपा कार्यालय पर हर घर स्वदेशी,, घर-घर स्वदेशी... के संकल्प और नारों के साथ आत्मनिर्भर भारत स्वाभिमान अभियान के अंतर्गत एक प्रोफेशनल मीट का कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष हेमंत परिहार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रकोष्ठ एवं विभाग के प्रदेश प्रभारी माननीय ओमप्रकाश श्रीवास्तव जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में सभी प्रकोष्ठों की, विशेष तौर पर एनजीओ प्रकोष्ठ की जिला संयोजक रजनी गुप्ता, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ श्रीधर शुक्ला, व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक जीतू सोनी और शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रद्युम्न दुबे पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव श्रंगरिषि,

क्षेत्रीय व्यापार सहसंयोजक मनमोहन गेड़ा जिला उपाध्यक्ष अंकुर दीक्षित रवि अरगरिया एडवोकेट प्रणय श्रीवास्तव जिला शासकीय अधिवक्ता विधि प्रकोष्ठ क्षेत्रीय संयोजक संतोष सिंह चौहान महानगर संयोजक समीर तिवारी की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ। रजनी गुप्ता ने वंदे मातरम गीत का गायन किया तथा संकल्प पत्र के साथ शपथ दिलवाई। मुख्य वक्ता प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश जी ने कहा की हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी हमारा मंत्र है हमारा लक्ष्य है और हमारी शक्ति भी है यह संकल्प एक नारा नहीं बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है हम सभी को स्वदेशी अपनाने के साथ ही विदेशी वस्तुओं का त्याग करना चाहिए।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, नाबालिग पीड़िता/अपहृता बरामद

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को दुधारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पिपरा बोरिंग तिराहा से दोपहर 12.20 बजे वांछित अभियुक्त को अपहृता के साथ बरामद कर लिया। दुधारा थाना उ0नि0 राम कुशल सिंह मय हमराह (का0 रंजन कुमार, का0 आनन्द पटेल, म0का0 आरती सिंह ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पिपरा बोरिंग तिराहा पर दोपहर 12.20 बजे छापा मारकर मु0अ0सं0 300/25 धारा 137(2),87,64(1) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) व 5छ,6 पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त रामू उर्फ छोटू पुत्र रामप्रसाद, निवासी- खईया, थाना- फूलबेहड़, जिला- लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार कर लिया तथा नाबालिग पीड़िता/अपहृता को बरामद कर म0आ0 आरती सिंह को विधिक कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया है।

# विकासखंड स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

**वेलकम इंडिया**



**बाजारशुकुल, अमेठी।** विकासखंड स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन केसीआरसी इंटर कॉलेज के खेल प्रांगण में बड़े उत्साह के साथ किया गया। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रथम दिवस खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र शुक्ला द्वारा किया गया। उन्होंने ध्वजारोहण कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न न्याय पंचायतों की टीमों ने कबड्डी, खो-खो सहित कई अन्य खेलों में प्रतिभाग किया। ट्रैक इवेंट्स में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। 50 मीटर दौड़ में राधा, 100 मीटर में चांदनी और 200 मीटर में दिशांत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में राज ने बाजी मारी। खो-खो प्रतियोगिता में अमिता के नेतृत्व में टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

जूनियर स्तर पर भी बच्चों ने शानदार प्रतिभा दिखाई। 200 मीटर दौड़ में रागिनी, 600 मीटर में राजरानी विजेता रहीं। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में मवैया रहमतगढ़ की टीम ने शानदार अंदाज में जीत अपने नाम की। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का जज्बा देखते ही बनता था। द्वितीय दिवस के समापन समारोह में स्थानीय विधायक सुरेश पासी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र शुक्ला, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक प्रेमचंद यादव, शिक्षक संघ अध्यक्ष शिवकुश पांडे, राम प्रताप रावत, अजय कुमार त्रिपाठी, सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, चंद्रशेखर मौर्य, आलोक कुमार द्विवेदी, विक्रमादित्य तिवारी, राहुल पांडे, देवी शंकर कनौजिया, अनिल यादव, ज्वाला प्रसाद सहित कई शिक्षक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाता हैं बाल मेला उत्सव : द्विवेदी

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर ए. एच. एग्री. इंटर कॉलेज दुधारा में ₹बाल मेला उत्सव₹ का आयोजन किया गया। बाल मेले में बच्चों द्वारा स्वनिर्मित खाद्य सामग्री, सिलाई, कढ़ाई, पेंटिंग व रंगोली की प्रतियोगिता कराई गई। बच्चों के स्टॉल पर आधुनिक व्यंजनों के साथ साथ चाट बतासा, चाऊमीन, बर्गर, समोसे, आदि के स्टाल लगाए गए। कार्यक्रम का संयोजन मोहम्मद इश्तियाक अंसारी व सहायक अध्यापिका अखिलेश कुमारी ने किया।

प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने बताया कि बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था।विद्यालयों में बाल मेला का आयोजन करने का उद्देश्य बच्चों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वे न केवल अपनी रचनात्मकता और हुनर का प्रदर्शन कर सकें बल्कि अपने दोस्तों के साथ मिलकर नई चीजें सीखें। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चे नवीन कौशल विकसित करते हैं और अपने आत्मविश्वास में वृद्धि करते हैं।

उन्होंने बताया कि बाल मेला बच्चों को अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशीलता का प्रदर्शन करने का अवसर देते हैं। बच्चों को मेला के माध्यम से एक टीम के रूप में काम करना होता है, जिससे वे टीमवर्क, नेतृत्व और सहकारिता सीखते हैं। बाल मेला शिक्षा के पारंपरिक तरीकों से अलग होता है और बच्चों के लिए सीखने को मजेदार बनाता है। उन्होंने बताया कि बच्चों को इस दिन किताबों से बाहर आकर व्यावहारिक चीजें सीखने का मौका मिलता है। बाल मेला का आयोजन बच्चों के लिए एक ऐसा अवसर है जिसमें वे खेल-खेल में सीख सकते हैं। बाल मेला का आयोजन करके स्कूल बच्चों को एक ऐसा वातावरण प्रदान करते हैं।

## किसान पर धारदार हथियारों से हमला, मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी एक व्यक्ति ने अपने भाई और दो भतीजे पर धारदार हथियार से हमला कर घायल करने व जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी योगेश पुत्र मटरु ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित अपने खेत पर कार्य कर रहा था।इसी बीच पीड़ित का भाई मैनपाल अपने पुत्र अभिषेक व हिमांशु के साथ खेत पर पहुंचा और पीड़ित के साथ गाली गलौज करने लगा। पीड़ित ने विरोध किया तो तीनों लोगों ने पीड़ित पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।जिसमें पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित का आरोप है कि दीपावली पर भी उक्त लोगों ने पीड़ित के साथ मारपीट की थी। आरोप है कि मैनपाल ने पीड़ित से 30 लाख रुपए उधार ले रखे हैं और पीड़ित की जमीन पर भी अवैध कब्जा कर रखा है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत

# ब्लूमिंग बड्स स्कूल में छात्राओ / महिलाओं के साथ किया भव्य मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने अपरजिलाधिकारी जयप्रकाश की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत बाल दिवस के अवसर पर थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत ब्लूमिंग बड्स स्कूल खलीलाबाद पर छात्राओ / महिलाओं के साथ किया गया भव्य जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं / महिलाओं से संवाद कर साइबर जागरूकता अभियान के तहत जागरुक करते हुए छात्राओं/महिलाओं को सम्मानित किया ।

उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में,घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया ।यह भव्य कार्यक्रम यह संदेश देने में सफल रहा कि ह्लनारी सशक्तिकरण ही सशक्त समाज की पहचान है, और मिशन शक्ति 5.0 के माध्यम से जिले की प्रत्येक महिला सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ी है ।उन्होंने यह भी संदेश दिया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से ही सशक्त समाज की पहचान सुनिश्चित होगी, महिला सुरक्षा ही समाज की प्रगति का आधार है, अपराध मुक्त समाज की ओर हम सभी साथ मिलकर कदम बढ़ाएँ जिससे समाज में एकरुपता सुनिश्चित हो । यातायात प्रभारी परमहंस, पीआरओ पुलिस अधीक्षक दुर्गेश पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण व विद्यालय की छात्र/छात्राएँ समाज सेवी महिलाएं और बड़ी संख्या में नागरिक भी मौजूद थे ।

## बिहार विस चुनाव में मिली शानदार जीत पर भाजपा कार्यकताओं ने जताई खुशी




**संतकबीरनगर।** बिहार विधानसभा में बंपर जीत पर भारतीय जनता पार्टी के सेमरियावाँ मंडल के कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई। मण्डल अध्यक्ष कन्हैयालाल यादव और पूर्व मण्डल अध्यक्ष राम पुरुषोत्तम गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सुशासन और कल्याणकारी योजनाओं का जनता को लाभ मिला जिसका नतीजा रहा कि बिहार की जनता ने एनडीए को प्रचंड जीत दिलाने का काम किये।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हैया लाल यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम पुरुषोत्तम गुप्ता, गोविंद जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद, अशोक चौरसिया, एजाज अहमद, अफजल हुसैन, संदीप कुमार, भोला, कन्हैयालाल, सुखारी, सुरेंद्र कुमार, पिंटू यादव, संजय, प्रमोद बरनवाल, बबलू, प्रकाश आदि लोग शामिल रहे।

## कोचिंग सेंटर पर पढ़ाई कर रहे छात्र पर धारदार हथियार से हमला



**कांधला।** कस्बे के रेलवे मार्ग स्थित कोचिंग सेंटर पर पढ़ाई करने गए छात्र के साथ दो युवकों ने लाठी,डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया ?।छात्र ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला शांति नगर निवासी वंश चौहान पुत्र सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वह कस्बे के इंटर कॉलेज के निकट रेलवे मार्ग पर कोचिंग सेंटर पर पढ़ाई करने के लिए गया हुआ था और पढ़ाई कर रहा था। आरोप है कि तभी दो युवक कोचिंग सेंटर पर पहुंचे और पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों सहित धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित छात्र ने थाने पर पहुंच कर दोनों आरोपियों को के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायल छात्र का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कार्रवाई का आश्वासन देते हुए हमलावरों दोनों आरोपियों को की तलाश शुरू कर दी है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक संपन्न




**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें अभियोजन, पुलिस, परिवहन, आबकारी, खाद्य सुरक्षा, पूर्ति, जीएसटी तथा राजस्व वसूली सहित विभिन्न विभागों की कार्यप्रगति की व्यापक समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने थानों एवं राजस्व पुलिस क्षेत्रों के अंतर्गत लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और प्रभावी फॉलो-अप हेतु निर्देशित किया।

साथ ही सभी एसडीएम को पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर अवैध शराब, परिवहन, ओवरलोडिंग और नियम उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग को नियमित रूप से प्रवर्तन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जाए। एआरटीओ को भारी वाहनों का नगर में आवागमन, ड्रिंक एंड ड्राइव पर नियंत्रण, लाउड हॉर्न पर रोक तथा विशेष रूप से टैक्सी चालकों द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने की घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।पूर्ति विभाग को खाद्यान्न गुणवत्ता की सतत निगरानी, नियमित सैंपलिंग तथा उचित मूल्य दुकानों के व्यापक निरीक्षण के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग को नियमित निरीक्षण, गुणवत्ता परीक्षण और लगातार सैंपलिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। खनन एवं आबकारी विभाग को अवैध खनन और अवैध शराब के विरुद्ध सतत अभियान चलाने के निर्देश दिए। ॠरळ संग्रहण में सुधार हेतु नए पंजीकरण बढ़ाने और अनुपालन सुधारने के निर्देश भी जारी किए गए।

# निजीकरण और लेसा में रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर हजारों पदों को समाप्त करने के विरोध में शक्ति भवन पर हुआ जोरदार प्रदर्शन

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में एवं लेसा में रिस्ट्रक्चरिंग कर हजारों पदों को समाप्त किए जाने के विरोध में बिजली कर्मियों,जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने आज शक्ति भवन पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। निजीकरण के विरोध में लगातार चल रहे आंदोलन के क्रम में आज प्रदेश के समस्त जनपदों में बिजली कर्मियों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन कर अपना गुस्सा व्यक्त किया।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी धीरेन्द्र यादव ने बताया कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन जान बूझ कर लेसा की रिस्ट्रक्चरिंग के बारे में बिजली कर्मियों को भ्रमित कर रहा है। पावर कार्पोरेशन प्रबंधन प्रदेश की बिजली व्यवस्था को ताक पर रख कर विगत एक वर्ष से जो भी काम कर रहा है वह केवल निजीकरण के लिए ही है जिससे पूरे ऊर्जा निगमों में कार्य करने का वातावरण बिगाड़ गया है।

उन्होंने आज फिर चेतावनी दी है कि यदि नई व्यवस्था के कारण राजधानी लखनऊ में बिजली आपूर्ति ध्वस्त होती है तो उसकी सारी जिम्मेदारी प्रबंधनकी होगी। संघर्ष समिति ने कहा कि लखनऊ उत्तर प्रदेश की राजधानी है। यहां विधानसभा है, राजभवन है ,माननीय उच्च न्यायालय है तथा मेडिकल कॉलेज और कई बड़े अस्पताल हैं जिनमें बिजली व आपूर्ति प्रभावित होना बहुत गम्भीर बात मानी जाती है।

लखनऊ में बिना कर्मचारियों और इंजीनियरों से बात किए ऐसा अटपटा प्रयोग करना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। संघर्ष समिति के पदाधिकारी नारायण चंद्र चौरसरिया ने चेतावनी दी है कि केवल निजीकरण के लिए इतने बड़े पैमाने पर सभी स्तर पर सभी संवर्गों के पदों को समाप्त कर प्रबंधन लखनऊ की बिजली व्यवस्था से खिलवाड़ क्यों करना चाहता है ?

उन्होंने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन को चुनौती दी कि अगर प्रबंधन में नैतिकता है तो वह विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों से वार्ता में सामने बैठकर यह प्रमाणित कर दे कि लेसा में हजारों की संख्या में पदों को समाप्त नहीं किया जा रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि सच्चाई है कि निजीकरण के लिए पदों को समाप्त किया जा रहा है अतः प्रबंधन की संघर्ष समिति से वार्ता करने की हिम्मत नहीं पड़ रही है।

## श्री जगन्नाथ चारों धाम के उपरांत शुजागंज बाजार में निकली कलशयात्रा



वेलकम इंडिया फतेह खान

**रूदौली अयोध्या।** शुजागंज में श्री जगन्नाथ के चारों धाम के उपरांत पहलद चंद्र गुप्ता की अगुवाई में आज एक भव्य कलश यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा में क्षेत्रीय श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है।

भारी संख्या में महिलाएँ सिर पर कलश धारण किए शुजागंज बाजार से होते हुए मानपुर मोड़ की ओर बढ़ रही हैं। पूरे मार्ग में श्री राम और श्री जगन्नाथ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा है और इलाका गूंज रहा है।

यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए शुजागंज चौकी प्रभारी शंकर लाल यादव तथा कोतवाली रुदौली पुलिस की टीम लगातार सुरक्षा व्यवस्था संभाल रही है।फिलहाल यात्रा शुजागंज चौकी की ओर बढ़ रही है और श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है।

## थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी पुलिस ने एनबीडब्लू के मामले में एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** पुलिस महानिदेशक रेलवे श्री प्रकाश डी0,पुलिस महानिरीक्षक रेलवे राजेश मोदक,पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग प्रयागराज प्रशान्त वर्मा,पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी कुंवर प्रभात के आदेशानुसार रेलवे स्टेशन,प्लेटफार्मों व सकुर्लेटिंग एरिया में चोरी की घटनाओ की रोकथाम एवं अपराधियो/वारण्टियों की गिरफ्तारी व बरामदगी अवैध तस्करी के मद्देनजर चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक रजोल नागर के निर्देशन में उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव मय हमराह हेड कांस्टेबल संजय कुमार यादव के साथ रवाना शुदा रपता रपट रो0 आम तारीखी इमरोजा से थाना हाजा से प्रस्थान कर थाना स्थानीय से प्राप्त न्यायालय एसीजेएम एनआर वाराणसी द्वारा जारी एनबीडब्लू व 82 सीआरपीसी केश नम्बर -6350/12 धारा 04/25 आर्म्स एक्ट थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी वारण्टी रोहित कुमार गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता निवासी धौकलगंज थाना कपसेठी जिला वाराणसी उम्र करीब 35 वर्ष को कारण गिरफ्तारी बताकर 13 नवम्बर 2025 को गिरफ्तार किया गया` गिरफ्तारी प्रपत्र मौके पर तैयार कर सर्व सम्बन्धित के हस्ताक्षर बनवाये गये गिरफ्तारी की सूचना मौके पर वारण्टी के भाई को दी गयी तथा आवश्यक कानूनी कार्यवाही करते हुए सम्बंधित न्यायालय मे भेजा गया ।

# सोशल मीडिया से दूरी बनाकर अपने लक्ष्य को केंद्रित करें : डा बबीता सिंह चौहान






वेलकम इंडिया

**कांधला। (संवादाता मोहसिन रहमानी)** नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के अंतर्गत शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा बबीता सिंह चौहान ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। मुख्य अतिथियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।

महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने छात्रों को संबोधित करते हुए डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों तथा मिशन शक्ति कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने हेल्पलाइन नंबरों एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया।अध्यक्ष ने छात्राओं से सोशल मीडिया से दूरी बनाकर अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने की अपील की।

उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद व्यापारी सुरक्षित हैं और बहन-बेटियां निश्चिंत होकर दिन-रात आ-जा सकती हैं। जबकि पूर्व की सरकारों में दिनदहाड़े छेड़छाड़ व दुष्कर्म जैसी घटनाएं होती थीं।उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान ने देश में बड़ा परिवर्तन लाया है।

## भाजपा महानगर कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती की पूर्व संख्या पर कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी।** गुलाब बाग सिगरा स्थित भाजपा महानगर कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा वाराणसी महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने भगवान बिरसा मुंडा की स्मृतियों को नमन किया और कहा की उनका जीवन आदिवासी अस्मिता,बलिदान और देशभक्ति की अमर गाथा है उनके विचार हमें न्याय,समानता और राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर अग्रसर करते हैं

कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के समस्त पदाधिकारीगण जिसमे महानगर के अध्यक्ष रवि खरवार अनुसूचित जनजाति मोर्चा,वाराणसी कार्यक्रम की संयोजक क्षेत्रीय महामंत्री साधना गोंड़ अनुसूचित जनजाति मोर्चा व मनोज गोंड मोर्चा महामंत्री,रितेश खरवार,संदीप गोंड सहित इत्यादि कार्यकर्त्ता और पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हापुड़ में ओरल कैंसर जागरूकता को बढ़ावा

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के पिलखुवा के सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल, हापुड़ के द्वारा जगन्नाथ चैरिटेबल कैंसर इंस्टिट्यूट एंड रिसर्च सेंटर, गाज़ियाबाद के सहयोग से ऑन्कोलॉजी विषय पर एक ज्ञानवर्धक सेमिनार/टॉक का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ओरल कैंसर एवं सिर-गर्दन कैंसर की शुरूआती पहचान, नवीनतम उपचार तकनीकों एवं क्लीनिकल प्रैक्टिस पर केंद्रित रहा।सत्र का संचालन डॉ. मोहित भटनागर, डायरेक्टर झ्र ऑन्कोलॉजी,जगन्नाथ चैरिटेबल कैंसर इंस्टिट्यूट एंड रिसर्च सेंटर, गाज़ियाबाद के द्वारा किया गया। डॉ. भटनागर एक अनुभवी सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट हैं, जिनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को कैंसर उपचार के आधुनिक तरीकों की महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

डॉ. हर्ष शिशोदिया, डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट ने संस्थान की ओर से डॉ. भटनागर का स्वागत किया। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने हेतु वरिष्ठ प्रबंधन- एन. वर्धराजन (जनरल मैनेजर), रघुवर दत्त (डायरेक्टर) एवं डॉ. वाई.सी. गुप्ता (हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर)– उपस्थित रहे। उन्होंने इस प्रकार के अकादमिक कार्यक्रमों को चिकित्सा शिक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।सेमिनार में लगभग 150 मेडिकल छात्रों सहित फैकल्टी सदस्यों, रेजीडेंट्स, इंटर्न्स तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने डॉ. भटनागर द्वारा साझा किए गए प्रायोगिक एवं क्लीनिकली उपयोगी ज्ञान से लाभ प्राप्त किया।

# प्रोफेशनल सम्मेलन कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन में देश व प्रदेश शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, विद्युत, सड़कों के निर्माण, अर्थव्यवस्था आदि विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से आत्मनिर्भर बना है। भाजपा की पूर्ववर्ती शासनकाल में नहीं हुए संभवतः उतने किसी भी पूर्ववर्ती शासनकाल में नहीं हुए। देश को पूर्णतः विकसित व आत्मनिर्भर बनाने हेतु भाजपा कार्यकताओं तथा देश व प्रदेशवासियों को और अधिक प्रयास करना है। भूपेंद्र चौधरी, मोदीनगर-हापुड़ रोड पर स्थित एक बैंकट हॉल में भाजपा के भारत आत्मनिर्भर अभियान के तहत गुरूवार को आयोजित प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। भाजपा के वरिष्ट नेता डा0 नवेंद्र गौड ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने कहा कि देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हेतु देश के किसानों, कुटीर उद्योगों की दशा व दिशा में सुधार कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया। देश में सड़कों का जाल बिछाया गया। इस अवसर पर सत्येंद्र सिसोदिया क्षेत्रीय अध्यक्ष, डॉ मंजू शिवाच विधायक मोदीनगर ,बसंत त्यागी, भाजपा जिलाध्यक्ष चौ. चेनपाल सिंह जिलाध्यक्ष गाजियाबाद, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यवीर राघव, सतपाल प्रधान, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, अनिल त्यागी, अमित चौधरी, देवेंद्र डायमंड,पूर्व पालिका चेयरमैन पं0 रामआसरे शर्मा व अशोक माहेश्वरी, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन कृष्णवीर चौधरी, पवन सोम, नवेन्द्र गॉड,राजन चौधरी, सतेन्द्र त्यागी, नगराध्यक्ष आकाश शर्मा, पवन सिंघल,विजय मलिक मंडल उपाध्यक्ष भाजपा,मुकेश चौहान बबलू अमराला सहित अनेक भाजपा नेता मौजूद थे।

# बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ज्वायफैस्ट मेला धूमधाम से मनाया गया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** ट्रिनिटी इंटर नेशनल पब्लिक स्कूल अबूपुर रोड मुरादनगर, जिला गाजियाबाद में बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ज्वायफैस्ट मेला बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न खेलों एवं खाने पीने की सामग्री से सुसज्जित दुकाने लगाई गयीं। हस्त निर्मित सामान, मैजिक शो, बाउंसी कैस्टिल आदि सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। कार्य क्रम का आरम्भ विद्यालय के चेयर मैन डा०सन्दीप रुहेला, डा०मिनाक्षी रूहेला के कर कमलों द्वारा फीता काट कर हुआ। बालकों के साथ साथ सभी ने मेले का भरपूर आनंद लिया। इसमें भाग लेकर बालकों ने व्यवसायिक कौशल सीखा। विद्यालय के प्रत्येक सदस्य के सहयोग एवं प्रधानाचार्या सलोनी पवांर व प्रबन्धिका रितु गोयल के कुशल नेतृत्व में यह एक दिवसीय मेला अत्यंत सफल एवं मनोरंजक रहा।

# बम ब्लास्ट के दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग



वेलकम इंडियामहमूद रजा

जनपद बिजनौर नगीनाआजाद अधिकार सेना ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंप कर दिल्ली लाल किला बम ब्लास्ट के दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग कीआजाद अधिकार सेवा के पदाधिकारी शुक्रवार के दोपहर को एसडीएम कोर्ट पहुंचे जहां उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति के नाम विज्ञापन उप जिलाधिकारी नितिन कुमार को ज्ञापन सोपा जिसमें कहा गया है कि आतंकवादी यो द्वारा दिल्ली लाल किला बम ब्लास्ट से पूर्व दिसंबर 2014 बेंगलुरु बम ब्लास्ट, 2015 में जम्मू हमला, अक्टूबर 2015 में बागमोला, जनवरी 2016 में पठानकोट, सितंबर 2016 में उमरी हमला, अक्टूबर 2016 बारामुला हमला, फरवरी 2019 में पुलवामा, अप्रैल 2021 में सुकमा हमला, जनवरी 2023 में राजौरी हमला, अप्रैल 2025 में पहलगाम हमला, यह सभी हमले गृहमंत्री अमित शाह के कार्यकाल में हुए जिन्होंने सभी हमलावरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की। ज्ञापन में कहा गया है कि 10 नवंबर को लाल किला दिल्ली के पास हुए बम ब्लास्ट में मारे गए निर्दोष लोगों न्याय दिलाते हुए सभी दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है साथ ही ग्रह मंत्रालय श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। ज्ञापन पर मोहम्मद नईम, रजिया बानो, मोहम्मद नासिर मोहम्मद, अशरफ, हुमा परवीन आदि के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

# जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया

**मुरादनगर (अनिल वशिष्ठ)।** शारदा विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल में चाचा नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। वाद विवाद प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया गया अकादमी के निदेशक अजीत सिंह वर्मा और प्रधानाचार्या नीतू सिंह वर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन और बाल दिवस की शुभकामना दी गई और चाचा नेहरू के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रूबी, अंजना,माया, अंतिम, पूजा, आरती आदि मौजूद रहे।



# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस पर स्पोर्ट्स मीट किड्स-ओ-थॉन का हुआ भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल, निवाड़ी में बाल दिवस के अवसर पर जूनियर स्कूल एनुअल स्पोर्ट्स मीट किड्स-ओ-थॉन 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति रुचि, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ओलंपियन पदक विजेता एवं अर्जुन पुरस्कार प्राप्तकर्ता (2024) सुश्री सिमरन शर्मा एवं सुरेविन विद्यालय प्रबंधन से डॉ. शिखा दरबारी, आईआरएस (पूर्व मुख्य आयुक्त, आयकर विभाग, भारत सरकार) उपस्थित रही। विद्यालय परिवार ने उनका हार्दिक स्वागत किया साथ ही दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। सुश्री सिमरन शर्मा ने बच्चों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जीत या हार से अधिक महत्वपूर्ण है पूरे उत्साह और ईमानदारी से खेलना। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने दौड़, बैलेंस रेस, हर्डल रेस, लॉन्ग जंप, टग ऑफ वॉर, ऑब्जेक्ट रेस, टीम कोऑर्डिनेशन रेस सहित अनेक रोचक प्रतियोगिताओं में भाग लिया। छोटे बच्चों ने अपनी ऊर्जा और उत्साह से सभी का मन मोह लिया। साथ ही इस कार्यक्रम में आज का मुख्य आकर्षण रहा की विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों ने भी अपनी प्रतिभाओं को उजागर करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु ने छात्रों के लिए उत्साहवर्धक विचारों को साझा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहयोग मिलता है और यह बाल दिवस को मनाने का सबसे सुंदर माध्यम है। इस समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि सिमरन शर्मा एवं सुरेविन स्कूल प्रबंधन डॉक्टर शिखा दरबारी द्वारा सभी विजेताओं को मेडल्स व प्रमाण पत्र द्वारा पुरस्कृत कर सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की तथा साथ ही स्कूल प्रबंधक श्री तुषार गुप्ता एवं प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु द्वारा जूनियर कोऑर्डिनेटर श्रीमती अर्चना शर्मा एवं खेल विभाग की समस्त टीम को उनके आयोजन पर बधाई देते हुए जूनियर स्कूल के अध्यापक -अध्यापिकाओं के कार्यों की सराहना करते हुए बाल दिवस की ढेरों शुभकामनाएं प्रदान कर उपस्थित अभिभावकों को उत्साहवर्धन के लिए धन्यवाद दिया।

# बिहार विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यकताओं ने मिठाई बांट कर खुशी मनाई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** लोकप्रिय विधायक डॉक्टर मंजू शिवाच व मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा की अगुवाई में बिहार प्रदेश के विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली प्रचंड जीत पर बस अड्डे पर आयोजित एक कार्यक्रम में मिठाई बांट कर खुशी मनाई। साथ में जितेन्द्र चितौड़ा,महामंत्री अनिल सैन अमितेज जैन, प्रदीप बॉस, अरुण पंडित, गोपाल गौतम, नवीन जायसवाल, आशीष कश्यप, दौलत राम, संजीव गुलाटी,राकेश कर्दम, सागर गुप्ता, नितिन सिंघल, इस्तुति गुप्ता, दीपक कर्दम, नितिन चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह का शुभारंभ

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में सत्र 2025झ26 के वार्षिक खेलकूद समारोह का शुभारंभ बड़े हर्ष और उत्साह के साथ हुआ। विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी के सक्रिय सहयोग एवं सतत प्रोत्साहन से कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि के स्वागत से हुई। तत्पश्चात छात्राओं ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर वातावरण को उल्लासमय बना दिया इसके बाद कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा अनुशासन और एकता का परिचय देते हुए आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के खेल कप्तान ने मशाल प्रज्वलित कर खेल भावना का प्रतीक प्रस्तुत किया और विद्यालय की हेड गर्ल ने सभी खिलाड़ियों को शपथ ग्रहण कराई। इसके उपरांत कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत ह्लवंदे मातरम्ह्व नृत्य प्रस्तुत किया विद्यालय के निर्देशक गौरव माहेश्वरी एवं निर्देशिका श्रीमती राधिका माहेश्वरी द्वारा रिबन काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक शब्दों में विद्यार्थियों को खेलों में भाग लेने और सच्ची खेल भावना अपनाने की प्रेरणा दी। समारोह के अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने विद्यार्थियों से कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# पंजाबी संगठन ने डॉ. सतीश त्यागी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की

वेलकम इंडिया


**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** एम आई टी कॉलेज, में आयोजित एक बैठक में पंजाबी संगठन, महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर और लायंस क्लब, उड़ान इंटरनेशनल द्वारा शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सतीश त्यागी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर उनके दिव्य आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर और महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैयर ने डॉ. त्यागी जी के सेवाभाव, सादगी और समाज के प्रति योगदान को अपनी भावपूर्ण वाणी में स्मरण किया।

उन्होंने कहा कि समाजसेवी और प्रेरणास्त्रोत डॉ. सतीश त्यागी अब हमारे बीच नहीं रहे।उनका जाना केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे शहर की अपूरणीय क्षति है। डॉ. त्यागी जी ने अपने जीवन को सेवा, करुणा और मानवता को समर्पित किया। उन्होंने अनगिनत जीवनों को स्वस्थ किया। दर्द में मुस्कान दी और सेवा को ही अपना धर्म माना।उनकी सादगी, उनकी विनम्रता और हर मरीज के प्रति अपनापन उन्हें सदा के लिए अमर बना गया है। वे सचमुच हमारे शहर के धन्वंतरी थे। जो हर दिल में आज भी जीवित हैं। इस कठिन समय में हम उनकी धर्मपत्नी डॉ. सरिता त्यागी जी के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं।उन्होंने अपार साहस और शक्ति के साथ अपने जीवनसाथी के आदर्शों को आगे बढ़ाया है।

उनकी पहल पहल एक प्रयास समाज के लिए एक प्रेरक उदाहरण है —जहाँ सेवा, संवेदना और समर्पण एक साथ जीवंत हैं। डॉ. सरिता त्यागी जी न केवल एक उत्कृष्ट चिकित्सक हैं,बल्कि एक ऐसी संवेदनशील इंसान भी हैं जो हर व्यक्ति में आशा और जीवन का संचार करती हैं।

# कांग्रेस कार्यकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर कांग्रेस कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कांग्रेस शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजेश सेन के नेतृत्व में आयोजित एक बैठक में कार्यकताओं ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजेश कुमार, शहर कांग्रेस कमेटी की महिला अध्यक्ष कल्पना सिंह, उपाध्यक्ष भिखारी लाल कश्यप, हरीश लड्डा , चांद वीर चौधरी, राजेश कुमार सुचेतापुरी, डॉक्टर तनवीर अहमद सचिन यादव, मोनू यादव आदि थे।

# वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए यूपीपीसीबी ने उठाए सख्त कदम , गाजियाबाद में 8 आरएमसी प्लांट सील

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाज़ियाबाद जिले में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) की टीम ने ग्रेप (ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान)-तीन के मानकों का उल्लंघन करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए आठ आरएमसी (रेडी मिक्स कंक्रीट) प्लांट को सील किया है। वहीं, पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में एक पर 50 हजार का जुमार्ना लगाने के लिए एसडीएम लोनी को रिपोर्ट भेजी है। ग्रेप के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई के लिए यूपीपीसीबी द्वारा पांच विशेष टीम गठित की गई हैं। ये टीमें अपने-अपने क्षेत्रों का रात दिन औचक निरीक्षण कर रही हैं। बुधवार को भी करीब 20 स्थानों पर औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान आरएमसी प्लांटों संचालित कर प्रदूषण को बढ़ाया जा रहा था, जबकि ग्रेप तीन के अंतर्गत इन्हें चलाने पर रोक लगाई गई है। प्रदूषण बोर्ड की टीम ने कार्रवाई करते हुए एनएच-नौ स्थित एसजीएस कंस्ट्रक्शन व डवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, एल एंड टी लिमिटेड, चंद्रलेखा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.वि. वेव सिटी, प्रसू बुल्डकोन एलएलपी वेव सीटी सेक्टर-एक, सेमेक्स कंक्रीट बंथला लोनी, टेक्नो प्राइम आरएमसी प्राइवेट लिमिटेड वेव सिटी सेक्टर-18, रहिनो आरएमसी कंपनी अहिंसा खंड-दो इंदिरापुरम, मेट्रो सूट्स होम्स वसुंधरा सेक्टर-12 को सील किया गया है। टीम में मुख्य रूप से एएसओ एनएम त्रिपाठी व एई संदेश कुमार रहे। क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह का कहना है कि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। इसके लिए टीमें जुटी हुई हैं।

## 50 हजार के जुमार्ने के लिए एसडीएम को भेजी रिपोर्ट

भोपुरा के राजपूत एंटरप्राइजेज द्वारा भी ग्रेप के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा था। इस पर यूपीपीसीबी द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में जुमार्ना लगाने के लिए एसडीएम लोनी को रिपोर्ट भेजी गई है। इन पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा।

- छोटी दूरी के लिए पैदल या साइकिल से चलने की अपील।
- नौकरीपेशा लोग किसी के साथ यात्रा करें या सार्वजनिक वाहन से जाएं।
- जिन लोगों की कंपनी घर से काम करने की अनुमित देती है वह घर से ही करें।
- तापने के लिए कोयला व लकड़ी का प्रयोग न करें।
- सुरक्षा कर्मियों को सुरक्षा हीटर उपलब्ध कराएं।
- कामों को संयोजित कर यात्रा कम करें।

# जल शक्ति अभियान की समीक्षा बैठक केंद्रीय नोडल अधिकारी ने दिए सख्त निर्देश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद में जल संरक्षण और पर्यावरणीय परियोजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित जल शक्ति अभियान की समीक्षा बैठक शुक्रवार को दुर्गावती सभागार में केंद्रीय नोडल अधिकारी अमित राज, निदेशक (पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन), भारत सरकार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक तीन दिवसीय निरीक्षण (12-14 नवम्बर 2025) के निष्कर्षों की विस्तृत समीक्षा और सुधारात्मक कदम तय करने के लिए आयोजित की गई थी। बैठक में निरीक्षण के दौरान गाजियाबाद के विभिन्न स्थलों मोर्टा, नायफल, नाहल, उखलारसी, अत्रौली, मसूरी झील के तालाब, विजयनगर की अफॉरेस्टेशन साइट, ककड़ा, भोजपुर, मनोकामना सोसाइटी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दासना देहात में स्थापित रेनवॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं की स्थिति का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। निरीक्षण में कई स्थलों पर ड्रेन कनेक्टिविटी, डीसिल्टेशन, इंटरलॉकिंग लेवलिंग, सीवेज प्रवाह रोकथाम, जालियों की मरम्मत और ढलानों की स्थिरता से संबंधित सुधारों की आवश्यकता पाई गई। वहीं, नाहल तालाब, मसूरी झील और विजयनगर मियावाकी वन को उत्कृष्ट और मॉडल स्थलों के रूप में सराहा गया। केंद्रीय नोडल अधिकारी अमित राज ने बैठक के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी तालाबों की जलधारण क्षमता बढ़ाने, नियमित सफाई और डीसिल्टेशन कार्यों को समयबद्ध तरीके से संपन्न किया जाए। वर्षा जल संचयन इकाइयों के नियमित मेंटेनेंस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में ग्रीन कवर बढ़ाने, बंधों पर उपयुक्त वनस्पति आवरण लगाने, सीवेज ट्रीटमेंट या प्री-ट्रीटमेंट सिस्टम प्रस्तावित करने और निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा के समय मिट्टी कटाव की संभावना को रोकने के लिए ढलानों पर घास का समय पर रोपण अत्यंत आवश्यक है। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने भी बैठक में अपनी सक्रिय भूमिका दिखाई। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि सुधारात्मक कार्यों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी तरीके से क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को प्रगति रिपोर्ट तैयार करने और नियमित समीक्षा के माध्यम से परियोजनाओं के लक्ष्यों को सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।



*बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने केंद्रीय नोडल अधिकारी और सीडीओ के मार्गदर्शन में आगामी कार्यों के लिए योजना बनाई और तय किया कि गाजियाबाद के तालाब, झील और वर्षा जल संचयन संरचनाएँ न केवल कार्यशील रहें, बल्कि मॉडल के रूप में अन्य जिलों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करें। इस बैठक के माध्यम से गाजियाबाद प्रशासन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि जल संरक्षण, तालाब पुनर्जीवन और पर्यावरणीय सुरक्षा के मुद्दों को गंभीरता से लिया जा रहा है और शहर को हरित, सुरक्षित और सतत विकास के मार्ग पर ले जाने के लिए सभी विभाग सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। केंद्रीय नोडल अधिकारी अमित राज और सीडीओ अभिनव गोपाल की कड़ी निगरानी और सख्त निर्देशों से गाजियाबाद में जल शक्ति अभियान को गति मिली है और आने वाले समय में यह जनपद के लिए स्थायी सुधार और पर्यावरणीय सशक्तिकरण का मॉडल बनेगा।*

# जिलाधिकारी ने वर्दी और व्यवहार में पारदर्शिता जरूरी

## उल्लंघन पर कठोर कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिले में तैनात सेक्योरिटी गार्ड और बाउन्सर्स के व्यवहार और पहनावे को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद वासियों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उन्हें भयमुक्त वातावरण प्रदान करना जिला प्रशासन का मूल दायित्व है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनता दर्शन के दौरान उन्हें यह शिकायतें मिली हैं कि विभिन्न आरडब्ल्यूए, एओए, विकासकर्ता एवं निजी व्यक्तियों द्वारा रखे गए सुरक्षा कर्मी भिन्न-भिन्न प्रकार की वर्दी पहनते हैं और सोसाइटी तथा अन्य सार्वजनिक जगहों पर लोगों को डराने-धमकाने का काम कर रहे हैं। इससे आम जनता में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है। श्री माँदड़ ने आरडब्ल्यूए, एओए, विकासकर्ताओं और निजी व्यक्तियों से अपील की है कि वे अपने सुरक्षा कर्मियों को जनसामान्य और स्थानीय निवासियों के साथ सम्मानपूर्वक और सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने हेतु प्रशिक्षण दें। सभी सेक्योरिटी गार्ड/बाउन्सर्स यह सुनिश्चित करें कि उनका बर्ताव हमेशा सम्मानजनक हो और उनके द्वारा पहनी जाने वाली वर्दी ऐसी न हो कि जनता यह भ्रमित हो कि वे पुलिस या सैन्य बल के सदस्य हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि आरडब्ल्यूए, एओए, विकासकर्ता/निजी व्यक्तियों या सुरक्षा कर्मियों द्वारा किसी के साथ दुर्व्यवहार किया गया या उपरोक्त निदेशों का उल्लंघन हुआ, तो कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सुरक्षा कर्मियों को प्रशिक्षित करने और उनके व्यवहार की निगरानी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित आरडब्ल्यूए/ एओए/ विकासकताओं की होगी। जिलाधिकारी के इस आदेश का उद्देश्य जिले में नागरिक सुरक्षा के साथ-साथ सभी निवासियों के लिए भरोसेमंद और सुरक्षित वातावरण बनाए रखना है। उन्होंने सभी अधिकारियों और संबंधित पक्षों से कहा कि वे निदेशों का पालन सुनिश्चित करें और आम जनता की शिकायतों का समय पर संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करें। यह आदेश गाजियाबाद में सुरक्षा सेवाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

> नागरिकों के प्रति सम्मानपूर्ण व्यवहार के इस संदेश से जिले में सुरक्षा कर्मियों की कार्यशैली में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

# महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोदीनगर धानाक्षेत्र में एक महिला के साथ दुष्कर्म के प्रयास का गंभीर मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार सुबह दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित मोदी मंदिर के पास हुई, जहां पीड़िता ई-रिक्शा में बैठी थी। आरोपी चालक ने महिला को बहाकर जंगल में ले जाकर हिंसक तरीके से दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता की बेरहमी से पिटाई भी की। पीड़िता ने इस मामले में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पीड़िता मोदीनगर की एक कॉलोनी की निवासी और घरेलू सहायिका हैं। उन्होंने बताया कि सुबह वह अपने बच्चे को लेकर चराने के लिए निकली थीं और इसी दौरान ई-रिक्शा में बैठीं। कुछ दूरी तय करने के बाद, आरोपी ने उन्हें जंगल की ओर ले जाकर उनके बच्चे को नीचे उतारने के बाद गलत कार्य के लिए दबाव बनाया। जब महिला ने इसका विरोध किया और इंकार किया, तो आरोपी ने जबरदस्ती करने का प्रयास किया।

# बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत का जश्न, भाजपा महानगर कार्यालय में उमड़ा उत्साह, कार्यकताओं ने बांटी मिठाइयां



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ऐतिहासिक और एकतरफा जीत ने गाजियाबाद में भी राजनीतिक उत्साह की लहर पैदा कर दी। भाजपा महानगर कार्यालय नेहरू नगर में शुक्रवार शाम से ही कार्यकताओं का जमावड़ा शुरू हो गया, और जैसे ही आधिकारिक नतीजों में हृष्ठ की भारी बढ़त पक्की हुई, कार्यालय परिसर 'भारत माता की जय', 'मोदी है तो मुमकिन है', 'एनडीए जिंदाबाद जैसे नारों से गूंज उठा। कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई, आतिशबाजी की और ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचकर अपनी खुशी व्यक्त की। यह उत्साह केवल विजय का नहीं, बल्कि भविष्य की राजनीति की दिशा तय करने वाले जनादेश का भी प्रतीक रहा। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर विकास और सुशासन को चुना है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने जिस मजबूती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और एनडीए के पक्ष में जनादेश दिया है, वह इस बात का पुख्ता सबूत है कि भारत के मतदाता अब जातिवाद और भ्रम की राजनीति नहीं, बल्कि विकास और राष्ट्रहित की राजनीति के साथ हैं। यह विजय लोकतांत्रिक विश्वास और स्थिर नेतृत्व की जीत है। उन्होंने आगे कहा कि गाजियाबाद के कार्यकताओं में जो उत्साह देखने को मिला, वह पार्टी की निरंतर बढ़ती स्वीकार्यता और संगठनात्मक शक्ति का परिचायक है। भाजपा युवा मोर्चा गाजियाबाद के अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने कहा कि बिहार के चुनावों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि देश की युवा पीढ़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि आज का युवा अवसर चाहता है, स्थिरता चाहता है, और प्रगति चाहता है।

# शातिर चोर गिरफ्तार, एसीपी की सख्त कार्यशैली ने 11 दिन में किया चोरी का खुलासा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** एनसीआर क्षेत्र में बंद दुकान और मकान में चोरी करने वाले शातिर आरोपी को थाना सिहानीगेट पुलिस की टीम ने गिरफ्तार कर किया है। यह गिरफ्तारी एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय की सख्त कार्यशैली और तेज निर्णय क्षमता का परिणाम है, जिन्होंने 11 दिन के भीतर चोरी के मामले का सफल खुलासा किया। गिरफ्तार आरोपी चोरी करने से पहले वारदात स्थल की सटीक रैकी करता था और फिर रात के समय शोरूम या मकान में घुसकर चोरी करता था।

शुक्रवार को चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एसीपी उपासना पांडेय ने बताया कि 3 नवंबर को पीड़ित तरुण शर्मा ने थाना सिहानीगेट में शिकायत दर्ज कराई थी कि पुराना बस अड्डा के पास मै0 शांति एन्टरप्राइजेज के सैनेटरी और हार्डवेयर शोरूम से लगभग 12,80,000 रुपये चोरी हो गए हैं। शिकायत मिलने के तुरंत बाद एसीपी पांडेय ने एक विशेष टीम का गठन किया और घटना के हर पहलू की जांच तेजी से शुरू की। एसीपी पांडेय की रणनीति में लोकल इनपुट, मुखबिर की सूचना, सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज का पूर्ण उपयोग किया गया। इसी के आधार पर टीम ने आरोपी अभिमन्यु पुत्र वीरपाल, निवासी ग्राम बहोरिकपुर, जहानगंज, जिला फरूर्खाबाद को आरडीसी रेलवे फाटक के पास रेलवे भवन के बरामदे से गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से चोरी किए गए 2,20,000 रुपये और एक मोबाइल बरामद किया गया। जांच में पता चला कि आरोपी 8-9 महीने पहले रेलवे स्टेशन के पास चौपड़ा टेंट हाउस में काम करता था, लेकिन कम पैसे मिलने के कारण वहां से निकल गया। इसके बाद वह फुटपाथ और रेलवे स्टेशन पर रहने लगा और चोरी की योजना बनाने लगा। 2-3 नवंबर की रात उसने पुराना बस अड्डा के पास शोरूम में चोरी की। शोरूम की तीसरी मंजिल पर लगे फ्लैक्स और लोहे के फ्रेम से चढ़कर वह अंदर गया और ग्राउंड फ्लोर के कैश काउंटर से नकद रूपए निकाले।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में गाजियाबाद प्रशासन की कड़ी जवाबदेही



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को धरातल पर उतारने के लिए एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल ने की। बैठक का उद्देश्य योजना की धीमी प्रगति का विश्लेषण करते हुए इम्पैनल्ड वेन्डरों की जवाबदेही तय करना था। बैठक में सीडीओ अभिनव गोपाल की कार्यशैली पूरी तरह से निर्णायक, सख्त और परिणाम-केंद्रित दिखाई दी। उन्होंने शुरूआती संबोधन में ही स्पष्ट कर दिया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए इसकी प्रगति में किसी तरह की ढिलाई या लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। सीडीओ ने यूपीनेडा मुख्यालय, लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराई गई उपभोक्ताओं की सूची सभी उपस्थित वेन्डरों को तत्काल वितरित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रत्येक वेन्डर को हर माह कम से कम 100 सोलर प्लांट स्थापित करने का लक्ष्य सौंपा और कहा कि यह लक्ष्य किसी भी परिस्थिति में पूरा होना चाहिए।

> बैठक के दौरान योजना में अपेक्षित प्रगति न होने पर सीडीओ ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी वेन्डर को आवेदन, तकनीकी प्रक्रिया, सत्यापन, या सोलर प्लांट स्थापना में किसी भी प्रकार की बाधा आ रही है तो उसकी शिकायत लिखित रूप में तुरंत प्रस्तुत की जाए, ताकि प्रशासन उन समस्याओं का समाधान कर सके। उन्होंने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि समस्याएँ हैं तो बताइए, लेकिन लक्ष्य पूरा न करना विकल्प नहीं है। सीडीओ अभिनव गोपाल ने वेन्डरों को निर्देश दिया कि वे परस्पर समन्वय बनाकर योजना को घर–घर तक पहुँचाएँ, और सुनिश्चित करें कि पात्र उपभोक्ता इसका लाभ शीघ्र पा सकें। उन्होंने सभी को बड़े पैमाने पर प्रचार–प्रसार करने के आदेश देते हुए कहा कि सोसायटी, कालोनी, गाँव, पंचायत, और नगरीय क्षेत्रों में जहां भी कैंप लगाने की आवश्यकता हो।

# बिहार परिणामों ने देश को दिखाया आईना, प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा का कोई विकल्प नहीं : सरदार एस.पी. सिंह



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए की प्रचंड और एकतरफा जीत के बाद पूरे देश में राजनीतिक हलचल तेज है। इसी कड़ी में भाजपा के पूर्व महानगर संयोजक एवं उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस.पी. सिंह ने कहा कि बिहार के नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा का कोई विकल्प नहीं है। यह जनादेश विकास, पारदर्शिता और राष्ट्रहित की राजनीति पर जनता की स्वीकृति का प्रमाण है। सरदार एस.पी. सिंह ने कहा कि बिहार के मतदाताओं ने विपक्ष को आईना दिखाते हुए यह संदेश दे दिया है कि भारत अब उस राजनीति को स्वीकार नहीं करेगा जो केवल भ्रम, वादों और जातीय समीकरणों पर आधारित हो। जनता उन नेताओं को चुन रही है जो संकल्प के साथ काम करते हैं और परिणाम देते हैं। उन्होंने कहा कि जनता विकास चाहती है और भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति के साथ बिना किसी तुष्टिकरण की राजनीति किए हर वर्ग को समान अधिकार और अवसर दे रही है।

# धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, सांस्कृतिक रंगों और शिक्षकों की भागीदारी ने बांधा समा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ग्रीन शाइन वर्ल्ड स्कूल, सनसिटी में शनिवार को बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन हर्ष, उत्साह और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच अत्यंत भव्य रूप से संपन्न हुआ। पूरे परिसर में सुबह से ही उल्लास का वातावरण था। बच्चों की मुस्कान, रंग-बिरंगी पोशाकें और ऊर्जा से भरी प्रस्तुतियों ने इस दिन को और भी खास बना दिया। स्कूल प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को समर्पित यह आयोजन बाल सुलभ ऊर्जा, रचनात्मकता और सकारात्मक वातावरण का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों की विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिनमें नृत्य, गायन, अभिनय और मंचीय गतिविधियाँ शामिल थीं।

बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति, आधुनिक और लोकनृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। उनकी आत्मविश्वास भरी प्रस्तुति और मंच पर सहज अभिव्यक्ति ने साबित कर दिया कि ग्रीन शाइन वर्ल्ड स्कूल न सिर्फ शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए बल्कि सांस्कृतिक विकास के लिए भी एक प्रमुख संस्थान है। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक और उत्साहजनक हिस्सा रहा शिक्षकों का विशेष नृत्य-प्रदर्शन।

# पंचशील प्राइम रोज सोसाइटी में हड़कंप, प्रशासन सख्त

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पंचशील प्राइम रोज सोसाइटी की लगातार बढ़ती समस्याओं और निवासियों की परेशानी को देखते हुए शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट संतोष उपाध्याय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक शुरू होते ही प्रशासनिक कड़ाई दिखी, क्योंकि बिल्डर की व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य होने के बावजूद सोसाइटी के मैनेजर नागर जी ही बैठक में पहुंचे। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने नाराजगी जताते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि अब ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बिल्डर को सभी लंबित कार्य 10 दिन के भीतर पूरा करने और निर्धारित समय पर स्वयं डीएम कार्यालय में उपस्थित होने का सख्त आदेश जारी किया। बैठक में सोसाइटी की ओर से आरडब्ल्यूए अध्यक्ष नीरज सिंह, संजय महाजन, भास्कर शर्मा और राहुल राय मौजूद रहे, जिन्होंने सोसाइटी की स्थिति और बिल्डर की लापरवाही का पूरा विवरण अधिकारियों के सामने रखा। प्रशासन की इस सख्त बैठक का मकसद वर्षों से चल रही समस्याओं को समयबद्ध तरीके से हल करना था। बैठक में सबसे गंभीर मुद्दा बिजली आपूर्ति से जुड़ा रहा। यह खुलासा हुआ कि बिल्डर ने बिजली विभाग से केवल 3600 किलोवाट का कनेक्शन ले रखा है, जबकि व्यावहारिक रूप से लगभग 8000 किलोवाट का लोड फ्लैटों में वितरित किया जा रहा है। इस भारी अंतर के कारण सोसाइटी में आए दिन बिजली फेल्योर, लिफ्ट की बार-बार खराबी और ट्रिपिंग जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। निवासियों ने बताया कि कई बार लिफ्ट के बीच में रुक जाने से बच्चे और बुजुर्ग डर के माहौल में फँस जाते हैं। सिटी मजिस्ट्रेट ने इस स्थिति को अत्यंत गंभीर मानते हुए बिजली विभाग और बिल्डर दोनों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। टावर-7 की भयावह स्थिति भी बैठक का प्रमुख विषय रही।

> बिल्डर को 10 दिन की अंतिम चेतावनी-डीएम कार्यालय में तलब

